e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
# प्रभात मंत्र
वर्ष 11, अंक 249
मंगलवार
10.09.2024
RNI No. - JHAHIN/2014/59110

**सुविचार**
यह मत मानिए की जित ही सब कुछ है, महत्वपूर्ण यह है की आप किस उद्देश्य के लिए जितना चाहते है!

ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 | मूल्य 4 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26

# महिला सशक्तिकरण को दिया जा रहा नया आयाम

## अब तक 2.59 लाख सखी मंडलों को बैंक क्रेडिट लिंकेज से जोड़ा गया

रांची

ग्रामीण महिलाओं के उत्थान और उनके आर्थिक स्वावलंबन के प्रति संवेदनशील मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के विजनरी सोच का परिणाम है कि 2019 से पूर्व सखी मंडल को जितना क्रेडिट लिंकेज दिया गया, उसका 10 गुना क्रेडिट लिंकेज विगत साढ़े चार वर्ष में सखी मंडल की दीदी-बहनों को मिला। यही नहीं, सखी मंडल की संख्या में भी बढ़ोतरी दर्ज की गई है। वर्ष 2013 से 2019 तक स्वयं सहायता समूह को क्रेडिट लिंकेज के तहत ₹1,114 करोड़ की राशि दी गई, जबकि 2019 के बाद 30 जून 2024 तक ₹10,111 करोड़ की राशि सखी मंडल की महिलाओं को सशक्तिकरण हेतु दी गई। वहीं 2013 से 2019 तक 2.45 लाख सखी मंडल की संख्या बढ़कर 30 जून 2024 तक 2.88 लाख हो गई।

### आजीविका से जोड़ने का क्रम जारी

ग्रामीण महिलाएं और अर्थव्यवस्था सशक्त हो, इसके लिए राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के जरिए राज्य के 26 लाख परिवारों को आजीविका के सशक्त माध्यमों से जोड़ा गया है। कृषि, पशुपालन, वनोपज, अंडा उत्पादन, जैविक खेती आधारित आजीविका से ग्रामीण परिवारों को आच्छादित किया जा रहा है। राज्य संपोषित जोहार परियोजना के तहत 17 जिलों के 68 प्रखण्डों के 3,816 गांव में 3,900 उत्पादक समूह एवं 21 उत्पादक कंपनियों का गठन एवं संचालन हुआ। जिसके तहत राज्य के करीब 2.25 लाख परिवारों की आय में बढ़ोतरी हुई।


मुख्यमंत्री ने पश्चिमी सिंहभूम में कार्यक्रम के दौरान सखी मंडल को 30 करोड़ रुपये से अधिक का बैंक लिंकेज से जोड़ा

### वनोत्पाद से मिल रहा लाभ

महिला किसान सशक्तिकरण परियोजना के जरिए भी राज्य के 2.09 लाख परिवारों को लाह, रेशम, औषधीय पौधे की खेती, ईमली, कृषि एवं पशुपालन से जोड़ा गया है। राज्य संपोषित झारखण्ड माइक्रोड्रिप इरिगेशन परियोजना के तहत करीब 14,246 किसानों को टपक सिंचाई तकनीक से जोड़ कर उन्नत खेती की जा रही है। इस परियोजना के तहत 30 हजार महिला-पुरुष किसानों को जोड़ने का लक्ष्य है।

### तकनीक में निपुण हो रहीं महिलाएं

राज्य में बैंकिंग कॉरेस्पॉन्डेंट सखी, पशु सखी, कृषि सखी, वनोपज मित्र, आजीविका रेशम मित्र, सीआरपी समेत, करीब 80,000 सामुदायिक कैडर को प्रशिक्षित कर परियोजना के क्रियान्वयन एवं विस्तारण में लगाया है। आधुनिक संचार तकनीक से इन महिलाओं का क्षमता वर्धन किया गया है।

2019 से पूर्व सखी मंडल को जितना क्रेडिट लिंकेज दिया गया, **उसका 10 गुना क्रेडिट लिंकेज विगत साढ़े चार वर्ष में दिया गया**

## झारखण्ड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना (JMMSY)



**रश्मि बुडेली, चाईबासा**
झारखण्ड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना से जो पैसा मुझे मिल रहा है, उसका उपयोग मैं अपनी पढ़ाई में करूंगी। झारखण्ड सरकार को धन्यवाद, उन्होंने हमें इस योजना से जोड़ा।
**हेमन्त दादा को धन्यवाद और जोहार**

**दिव्या तिवारी, विश्रामपुर, पलामू**
रक्षा बंधन पर हेमन्त भैया ने हमें उपहार दिया है। हर साल ₹12,000 प्राप्त होगा। हेमन्त भैया का आभार। यह पैसा मेरी जरूरतों को पूरा करने में सहयोग करेगा।
**हेमन्त भैया को धन्यवाद**





**रमिता रंजन, नावाडीह, चतरा**
योजना से जो पैसा मिला है और आगे जो पैसा मिलेगा, उसे अपने बच्चों की पढ़ाई में खर्च करूंगी। मेरे खाते में ₹1,000 आया है, हर साल मुझे ₹12,000 मिलेगा।
**सीएम हेमन्त जी को आभार**

**चांदनी देवी, पाकुड़**
26 अगस्त को मेरे बैंक अकाउंट में योजना का पैसा आ गया था। इस पैसे का उपयोग मैंने अपने छोटे-मोटे कार्यों में किया है। योजना में हमलोग को साल का ₹12,000 मिलेगा। महिलाओं के लिए यह बहुत अच्छी योजना है।
**हेमन्त सरकार को बहुत-बहुत धन्यवाद**



**अबुआ आभार हेमन्त सरकार**



**मैं प्रकाश कुमार मंडल,**
धनबाद जिले का निवासी हूं। मेरा चयन पाइपलाइन इंस्पेक्टर (नगर विकास एवं आवास विभाग) में हुआ है। मैं खुश हूं, मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन जी के प्रयास से हम लोगों को समय पर नियुक्ति पत्र मिल गया। अब मैं झारखण्ड के विकास में अपना योगदान दूंगा।
**मुख्यमंत्री जी को बहुत-बहुत आभार...**



नियुक्ति नियमावलियों की अड़चनों को दूर कर **हजारों की संख्या में गरीब परिवार के युवाओं को सरकारी नौकरी दी गई।**
निजी क्षेत्र में भी हजारों की संख्या में स्थानीय युवाओं को ऑफर लेटर मिला। वर्तमान में **हजारों सरकारी नियुक्तियां प्रक्रिया में है।**

**मैं अकिता कुजूर,**
झारखण्ड की निवासी हूं। मेरा चयन जूनियर इंजीनियर (यांत्रिक) के लिए हुआ है। मैं खुश हूं, मुख्यमंत्री जी ने जो वादा किया था, वह ससमय पूरा किया। हमें इंतजार का अच्छा परिणाम मिला और हम सरकार के अंग बनें।
**मुख्यमंत्री जी को बहुत-बहुत आभार...**



# महिलाओं के बड़े वर्ग को प्रभावित करेगा योजना



**सुमन देवी, बोकारो** ने कहा कि झारखण्ड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना से जुड़कर खुशी हो रही है। बच्चों की पढ़ाई में होने वाले खर्च में सरकार द्वारा दिए जा रहे इस राशि का उपयोग करूंगी। सुमन देवी ने कहा कि सरकार का यह प्रयास सराहनीय है। जरूरतमंद महिलाओं को झारखण्ड सरकार कई योजनाओं का लाभ दे रही है, लेकिन यह योजना, महिलाओं के बहुत बड़े समूह को प्रभावित करेगी।

जहां मैं रहती हूं, वहां की लगभग सभी महिलाओं को इस योजना का लाभ मिला है। रोजमर्रा की जरूरत को पूरा करने में यह राशि हम जैसी अन्य महिलाओं को काफी मदद करने वाली साबित होगी। जिससे बड़ी संख्या में महिलाओं को योजना का लाभ मिल सकेगा।

सुमन देवी ने कहा कि बच्चों की पढ़ाई में हर माह पैसे खर्च होते हैं, अब ₹1,000 की राशि जो झारखण्ड सरकार हम लोगों को दे रही है उससे हर माह होने वाले खर्च को हम लोग संतुलित कर पाएंगे और जीवन अच्छे से गुजर सकेगा। सुमन देवी ने बताया कि इस योजना के संबंध में उसने अपने परिचितों को भी जानकारी दी है और वे भी इस योजना का लाभ ले चुकी हैं। सभी के बैंक खाता में ₹1,000 आ गया है।

बोकारो जिला में जगह जगह शिविर लगाकर हम महिलाओं को योजना से जोड़ा गया है। सरकार ने महिलाओं को आवेदन जमा करने और उसे भरने में काफी मदद की है। सुमन देवी ने कहा कि घर-घर प्रखण्ड कार्यालय से लोग योजना का आवेदन देकर गए थे।

आवेदन जमा करने के 10 दिनों के अन्दर पैसा आ गया। योजना को लेकर जितना कहा जाए, वह कम है। एक बार फिर झारखण्ड सरकार को आभार। और विशेषकर सीएम हेमन्त भैय्या को बहुत-बहुत धन्यवाद देती हूं।

मैं बारहवीं कक्षा की छात्रा हूं। मुझे दो-दो बार - ग्यारहवीं और बारहवीं कक्षा में सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना से ₹5-5 हजार का लाभ मिला है। हेमन्त दादा को धन्यवाद, जोहार!
**सुशांति कुजूर, लोहरदगा**



# हम सभी कृतज्ञ हैं ...

**खूंटी** की स्नेहा कुमारी खुश है। उसे मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना से आच्छादित किया गया है। स्नेहा कहती है कि राज्य सरकार से जो उसे सम्मान राशि प्राप्त हो रही है, वह उसके आने वाले कल में सहायक होगी। वह इस राशि को अपनी शिक्षा में व्यय करेगी। उसने बताया कि उसकी कई सहेलियों को भी इस योजना का लाभ मिला है और वे सभी सरकार की इस योजना का स्वागत करती हैं। हेमन्त सरकार ने जो सम्मान दिया है, इसके लिए हम सभी कृतज्ञ हैं। राज्य के मुख्यमंत्री के प्रयास से यह संभव हो पाया और हम जैसी लड़कियों को योजना का लाभ मिलने लगा है। स्नेहा ने बताया कि उसके खाते में ₹1,000 की राशि आ गई है ऐसे ही उसके जानने वालों के खाते में भी राशि आई है।

मुख्यमंत्री के प्रति आभार व्यक्त करते हुए उसने कहा कि इस तरह की अन्य योजनाएं भी महिलाओं को सशक्त कर रही हैं। खूंटी जिले में सखी मंडल के जरिए भी महिलाएं अपनी आजीविका के मार्ग को प्रशस्त कर रहीं हैं। खेती से लेकर बैंकिंग तक में खूंटी की महिलाओं की भूमिका देखी जा रही है, मुख्यमंत्री का यह प्रयास सराहनीय है।

स्नेहा ने बताया वह अन्य महिलाओं और अपनी सहेलियों को इस योजना का लाभ लेने के लिए प्रेरित करेगी।




# महिलाएं बनेंगी सशक्त...




**चाईबासा** प्रखंड की रहने वाली आशा रानी पूर्ति ने जब झारखण्ड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के संबंध में जाना तो उसकी खुशी का ठिकाना नहीं था। सुदूर गांव में रहने के कारण उसे ऑनलाइन आवेदन जमा करने में जब परेशानी हुई तो वह निराश हो गई, लेकिन दूसरे ही दिन मुख्यमंत्री ने जब ऑफ लाइन आवेदन लेने का आदेश दिया तो रानी पूर्ति का चेहरा खिल गया। रानी ने बताया कि इसके बाद उसने सीधे पंचायत भवन जाकर अपना आवेदन जमा कर दिया।

**इससे मिलने वाले राशि का प्रयोग बच्चों की पढ़ाई-लिखवाई के साथ-साथ खुद के जीवन को सशक्त करने में संबल प्रदान करेगी।**

रानी ने कहा कुछ ही दिन गुजरे थे कि उसे झारखण्ड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के तहत ₹1,000 की सम्मान राशि बैंक खाते पर प्राप्त हुई है। वह बताती है, कहने को तो सरकार की सभी योजनाएं लोगों के रहन-सहन में बदलाव लाने के लिए चलाई जाती है, परंतु राज्य के मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के द्वारा महिलाओं को सशक्त बनाने की सोच के तहत चलाई गई यह योजना काफी सार्थक है। इससे मिलने वाली राशि का प्रयोग बच्चों की पढ़ाई-लिखाई के साथ-साथ खुद के जीवन को सशक्त करने में संबल प्रदान करेगी। राज्य के मुख्यमंत्री को बहुत-बहुत धन्यवाद और जोहार करती हूं यह योजना राज्य के सभी महिला को सशक्त बनाने में काफी उपयोगी सिद्ध होगी। हम सभी को हर वर्ष ₹12,000 की राशि प्राप्त होगी।

सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, झारखण्ड सरकार
PR NO-335209 (IPRD) 24-25

# गला काटकर महिला की हत्या, जांच में जुटी पुलिस

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** शहर थाना क्षेत्र के कुंड मोहल्ला निवासी सहाबू अंसारी की पत्नी सायरा बानो उम्र 45 वर्ष की बीती रात अज्ञात अपराधियों ने धारदार हथियार से गला काट दिया। जिसके कारण उसकी स्थिति गंभीर हो गई। इसके बाद परिजनों के द्वारा घायल को इलाज के लिए मेदनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल लाया गया। जहां इलाज के क्रम में महिला सायरा बानो की मौत हो गई। वहीं घटना की जानकारी मिलने पर शहर थाना की पुलिस टिओपी वन प्रभारी इंद्रदेव पासवान, टाइगर मोबाइल रोहित कुमार, विनोद यादव, इसरार खान अस्पताल पहुंचकर घटना से



संबंधित मामले की छानबीन में जुट गए हैं।वही इस घटना के बारे में मृतक सायरा बानो के बड़े पुत्र गुड्डू अंसारी ने बताया कि कुछ दिन पहले उसके माता-पिता के बीच किसी विवाद को लेकर झगड़ा हुआ था। इसके बाद उसके पिता साहबू अंसारी परिवार से अलग रहकर बाहर दिल्ली में मजदूरी का काम करता था।वही पत्नी सायरा बानो से मेल मिलाप होने के बाद 15 दिन पहले सहाबू अंसारी अपना घर आया था।वही हत्या के बाद से सहाबू अंसारी अपने घर से फरार है।परिजनों का सहाबू अंसारी पर हत्या करने का शक है। वही बेटा गुड्डू अंसारी ने बताया कि रात को सहाबू अंसारी उसे डाल्टनगंज रेलवे स्टेशन पर मिला था। पूछने पर सहाबू अंसारी ने अपने बेटा गुड्डू को कहा कि वह किसी काम से बनारस जा रहा है। उसके बाद से सहाबू अंसारी का मोबाइल भी स्विच ऑफ बता रहा है। वही घटना की जानकारी मिलने पर शहर थाना प्रभारी देवव्रत पोद्दार अस्पताल पहुंचकर घटना से संबंधित मामले की छानबीन में जुट गए हैं।

## हुसैनाबाद से पथराघाट 29.10 किलो मीटर सड़क निर्माण जल्द

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद :** हरिहरगंज विधायक कमलेश कुमार सिंह का प्रयास रंग लाया। चीर प्रतीक्षित हुसैनाबाद से पथराघाट तक 29.10 किलो मीटर सड़क निर्माण की निविदा निकाल दी गई है। इस संबंध में विधायक कमलेश कुमार सिंह ने बताया कि उन्होंने एक एक सड़क पुल पुलिया समेत जितने भी कार्य पिछले दस वर्षो से नहीं हो पाए थे, उन्हें प्राथमिकता के आधार पर कराने का काम किया है। उन्होंने कहा कि सबसे महत्वपूर्ण हैदर नगर पंसा पथ निर्माण कार्य का शिलान्यास भी दो दिनों के अंदर कर कार्य शुरू कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि जिन्हें आज विकास नहीं दिख रहा है,वह गलत राजनीति के शिकार हो गए हैं।अगर देखना ही है तो हुसैनाबाद, हरिहरगंज, पिपरा, हैदरनगर व मोहम्मदगंज की सड़कें पुल पुलिया विभिन्न विभागों के भवन देखें, इससे उनकी आंखें खुल जाएंगी और यह पता लग



जायेगा की विकास किसे कहते हैं। पिपरा को उन्होंने प्रखंड का दर्जा दिलाने के साथ साथ वहां विकास के विभिन्न कार्य भी कराने का काम किया है। हुसैनाबाद से पथराघाट तक की सड़क पिपरा के लिए लाइफ लाइन हो जायेगी। इससे पिपरा के साथ साथ हुसैनाबाद व हरिहरगंज को भी लाभ होगा।

## हुसैनाबाद में धूमधाम से मनाया गया गणेश उत्सव



**हुसैनाबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सिद्धि विनायक भगवान गणेश की पूजा अर्चना हुसैनाबाद शहर में धूमधाम से की गई। गणेश चतुर्थी के मौके पर शहर के हरिहर चौक के समीप स्थानीय युवाओं द्वारा भगवान गणेश की प्रतिमा स्थापित कर बड़े ही धूमधाम के साथ पूजा अर्चना की गयी। गणपति का दर्शन करने के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ रही। बाजार और घरों में भी चहल-पहल बनी रही। मंदिरों और पंडालों में भी भगवान गणेश की पूजा-पाठ पूरे विधि-विधान के साथ की गयी। वैदिक मंत्रोच्चारण से भगवान गणेश की पूजा-अर्चना से शहर का वातावरण भक्तिमय बना रहा। गणेश महोत्सव को लेकर श्रद्धालुओं के बीच विशेष उत्साह रहा। ग्रामीण क्षेत्रों में भी गणेश पूजनोत्सव धूम-धाम के साथ मनाया गया। पूजा के दौरान अभिषेक कुमार, सतीश कुमार, अमन कुमार, पेंटल कुमार, बॉबी कुमार, सूरज, बुचनो आदि सक्रिय रहें।

## तीन दिनों तक चला श्री गणेश महोत्सव की धूम



**बंशीधर नगर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** अनुमंडल मुख्यालय में गणेश चतुर्थी उत्सव बड़े ही धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा हैं। शहर के चेचरिया में दो स्थानों पर भगवान गणेश की प्रतिमा स्थापित की गई है। पूजा कमिटी में मुख्य रूप से युवक व युवतियों द्वारा आकर्षक पूजा पंडाल व गणेश जी की प्रतिमा स्थापित कर पूरे विधि विधान के साथ पूजा अर्चना किया गया। इनमें ज्यादातर महिलाओं की सभागिता है। चेचारिया स्थित सीसीएल कंप्यूटर सेंटर के समीप व वही कुछ दूरी पर गणेश जी की प्रतिमा स्थापित की गई है।पूजा अर्चना को लेकर अहले सुबह से ही बड़ी संख्या में ग्रामीणों की भीड़ लगी रही। इस दौरान भगवान श्री गणेश को लड्डू का भोग लगाकर प्रसाद वितरण किया गया। वही भक्ति गीतों और जयकारों से आसपास के क्षेत्र भक्तिमय हो गया। गणपति का विसर्जन गाजे बाजे के साथ धूमधाम से किया जाएगा। इस अवसर पर मुख्यरूप से खुशी कुमारी, निशा कुमारी, बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## श्री बंशीधर नगर में गणेश महोत्सव पर भक्ति जागरण का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** नपं क्षेत्र के चेचरिया में तीन दिवसीय गणेश महोत्सव के अवसर पर रविवार को सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। भक्ति जागरण का शुभारंभ मुख्य अतिथि झामुमो नेता सह पूर्व विधायक अनंत प्रताप देव, विशिष्ट अतिथि विहिप जिलाध्यक्ष राजेश प्रताप देव, थाना प्रभारी आदित्य कुमार नायक, झामुमो युवा नेता मानवेंद्र प्रताप देव उर्फ मनु बाबा, प्रतिष्ठित व्यवसाई वीरेंद्र प्रसाद कमलापुरी, आयोजनकर्ता युवा समाजसेवी मनीष कुमार कमलापुरी ने संयुक्त रूप से फीता काट व राधा कृष्ण की झाकी को आरती उतारकर किया।कार्यक्रम में कलाकारों के भजनों ने ऐसी समां बांधा की दर्शक भक्ति रस में सराबोर हो गए। मौके पर उपस्थित पूर्व विधायक अनंत प्रताप देव ने कार्यक्रम की मुक्त कंठ से सराहना करते हुए उपस्थित लोगों से भक्ति जागरण का शांतिपूर्ण ढंग से लुफ्त उठाने की अपील किया।



उन्होंने कहा की हिंदू धर्म में भगवान श्री गणेश को सबसे आराध्य देवता माना गया है। श्री गणेश चतुर्थी हिंदुओं का एक प्रमुख त्योहार है।उन्होंने कहा कि अगले वर्ष इससे भी बढ़ चढ़ कर और भव्य जागरण का आयोजन कराया जाएगा। बंशीधर नगर के मां जगदंबा भक्ति जागरण के कलाकारों ने एक से बढ़कर एक भजन व भक्ति गीतों के जरिये लोगों के बीच देर रात तक गणेश भक्ति की छटा बिखेरते रहे। स्थानीय कलाकार रितेश कुमार ने ना हमसे भगियां पिसाई ये गणेश के पापा त नईहर जात बानी सहित भजन प्रस्तुत कर श्रोताओं का मन मोह लिया। मौके पर अनिल प्रसाद कमलापुरी, नीरज कमलापुरी, अशोक कमलापुरी, दयानंद कमलापुरी, सुरेद्र कमलापुरी, शुभम कुमार, विकाश कुमार, संतोष कुमार, शैलेंद्र कमलपुरी, कृष्णा कुमार, संतोष कमलापुरी, सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे।

## बीरबल पंचायत में आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम का किया गया आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** सगमा प्रखंड अंतर्गत बीरबल पंचायत सचिवालय में सोमवार को आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ बीडीओ सह सीओ सत्यम कुमार, जिप सदस्य अंजू यादव पूर्व जिप सदस्य नंदगोपाल यादव प्रखंड प्रमुख अजय शाह मुखिया इंद्रजीत कुशवाहा, ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। शिविर में पंचायत के समस्याओं के निदान के लिये अलग-अलग स्टॉल लगाकर आवेदन लिया गया। जिसमें अंचल, बाल विकास, शिक्षा, मईया समान योजना, पेंशन, आवास, स्वास्थ्य, पशु पालन, बैंक, कृषि, 15 वें वित्त आयोग, समाज कल्याण, ई श्रम पोर्टल, सामाजिक सुरक्षा, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन, सहित कई अन्य



विभाग के स्टॉल लगाए गए। शिविर में 1036 आवेदन प्राप्त हुए जिसमे अबुआ आवास के 721 तथा पेंशन के 26 आवेदन मिले। जबकि 289 आवेदन अन्य विभाग मिला। बीडीओ सह सीओ, जिप सदस्य, मुखिया, उप मुखिया, बीडीसी ने संयुक्त रूप से विद्यालय के छात्र छात्राओ के बीच साईकल का वितरण किया गया। मौके पर कल्याण पदाधिकारी रविरंजन कुमार, चोंहस इक्का, मनरेगा बीपीओ अभय कुमार, जन सेवक ओम प्रकाश सिंह अंचल लिपिक मो रसीद जमाल,अंचल लिपिक इरफान हबीब आपरेटर फयाज अंसारी आपरेटर मनोरंजन कुमार सहित प्रखंड सह अंचल अप्रेतर तथा भारी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## डाक सहायक को पितृ शोक

**हुसैनाबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जपला मुख्य डाकघर के पूर्व डाक सहायक संतोष कुमार टुड्डू के पिता रविन्द्र नाथ टुड्डू 58 वर्ष का लम्बी बीमारी के बाद निधन हो गया। उनके पिता जामताड़ा में रेलवे विभाग में कार्यरत थे। बताया जाता है कि उन्हें कैंसर हो गया था और मुम्बई में उनका इलाज चल रहा था। इनके निधन पर जपला मुख्य डाकघर में एक शोक सभा का आयोजन कर शोक संवेदना व्यक्त किया गया। मौके पर प्रभारी उप डाकपाल श्याम कुमार, अरविन्द कुमार ओझा, अभिषेक प्रभाकर,पप्पू कुमार, श्रवण कुमार, देवेन्द्र नाथगुप्ता, डॉ शिवकुमार विश्वकर्मा रंजीत सिंह, रविकांत सिंह, कैलाश मेहता, संतोष ठाकुर, सुधीर ठाकुर, राजकुमार, सौरभ अग्रवाल, अभिषेक, भगवान,सहित सभी डाककर्मी व अभिकर्ता शामिल हुये।

## एआईएमआईएम का खुरी पंचायत कमिटी गठित

**गढ़व(प्रभात मंत्र संवाददाता):** एआइएमआइएम चिनिया प्रखंड के खुरी पंचायत कमिटी का गठन किया गया। गठित कमिटी में दानिस अंसारी को अध्यक्ष बनाया गया। इस संबंध में एआईएमआईएम से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिला प्रवक्ता सह चिनिया प्रखंड के प्रभारी अब्दुल रहमान अंसारी, मेराल प्रखंड उपाध्यक्ष मुजाहिद अंसारी व हसनैन मंसूरी ने खूरी पंचायत का चुनाव कराया। जिसमें पंचायत अध्यक्ष दानिश अंसारी को बनाया गया। जबकि महासचिव अखिलेश यादव, कोषाध्यक्ष अनवर अंसारी, मीडिया प्रभारी उमेश यादव, उपाध्यक्ष पुन्नू लाल यादव, सचिव राधेश्याम यादव को बनाया गया। इसके अलावे शिवदास यादव, सुरेंद्र यादव व जगनारायण चौधरी को कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया। इस अवसर पर वसीम अंसारी, नंद कुमार, पूरन चंद्र, बाली, सिकंदर पासवान, राहुल साह, उदय प्रजापति, नौशाद अंसारी आदि उपस्थित थे।

## विद्यालय प्रबंधन समिति का किया गया पुनर्गठन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** स्तरोन्नत उच्च विद्यालय पिपरडीह में विद्यालय प्रबंधन समिति के तीन वर्ष पूर्ण होने पर विद्यालय प्रबंधन समिति का पुनर्गठन किया गया। विद्यालय में अध्ययनरत छात्र छात्राओं के माता-पिता, तथा अभिभावकों द्वारा सर्वसम्मति से पंचायत की मुखिया उषा देवी को सभाध्यक्ष बनाया गया। इसके बाद पर्यवेक्षक के रूप में उपस्थित सीआरपी संजय कुमार सिंह ने विद्यालय प्रबंधन समिति के गठन के लिये नियमावली को पढ़कर सुनाया तथा उपस्थित अभिभावकों से नियमावली के तहत विद्यालय प्रबंधन समिति का गठन करने का अनुरोध किया। नियमावली सुनने के बाद माता-पिता व अभिभावकों ने 6 महिला तथा 6 पुरुष सदस्यों का चयन किया। चयनित सदस्यों ने सर्वसम्मति से बिरेंद्र कुमार रवानी को अध्यक्ष, संयोजिका के जुली देवी को संयोजिका तथा उपाध्यक्ष पद के लिए निर्मला देवी का चयन किया। इस चयन प्रक्रिया में मुंद्रिका चन्द्रवंशी, रमेश चन्द्रवंशी, विदेश मुंनी यादव, नागेश्वर यादव कृष्णा राम, प्रधानाध्यापक उदय कुमार, नागवंत प्रसाद यादव,बिरेंद्र यादव, गोपी चन्द्रवंशी सहित सभी गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## चुनाव नजदीक आने पर हेमंत सरकार कर रही लोक लुभावन वादे : नरेंद्र पंडित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विश्रामपुर :** भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सह पूर्व जिला अध्यक्ष नरेंद्र कुमार पांडेय ने विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र के दर्जनों गांवों का दौरा किया।इस क्रम में उन्होंने ग्रामीणों से मिलकर उनकी समस्याएं सुनी।समस्याओं को दूर करने हेतु सार्थक प्रयास करने का भरोसा दिलाया।इसके अलावा श्री पांडेय ने केंद्र सरकार के योजनाओं के लाभार्थियों से मुलाकात कर उनका अनुभव सांझा किया।पीएम आवास योजना के कई लाभार्थियों ने बताया कि पक्के मकान का सपना तो मोदी सरकार ने ही पूरा किया। जनसंवाद के दौरान ग्रामीणों ने उन्हें कई परेशानियों से रुबरु कराया।उन्होंने कहा कि पिछले साढ़े चार साल से जनविरोधी कार्य में लिप्त हेमंत सरकार को चुनाव आने पर जनता की याद आने लगी है और वह लोक लुभावन वादे करने लगी है। भाजपा सरकार हमेशा जनसेवा के



लिए समर्पित रहती और निरंतर जनसेवा में जुटी रहती है। आगामी चुनाव में जनता हेमंत सरकार को नकार देगी। उन्होंने कहा कि सिंचाई हेतु कनहर नदी को बांधने की योजना शुरू हुई थी।जिसे वर्तमान राज्य सरकार ने ठंडे बस्ते में डाल दिया। इसी प्रकार पूर्व की भाजपा सरकार के कई कल्याणकारी योजनाओं को हेमंत सरकार ने बंद कर दिया। हेमंत सरकार अब जात धर्म और तुष्टिकरण का खेल शुरू कर जानता को गुमराह करने का प्रयास के रही है। लेकिन जनता सब समझ रही है। मौके पर भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष कृष्ण मुरारी सिंह, केशव चौधरी, मनोज कुमार, संजय वर्मा, राकेश सिंह, सहित कई भाजपा कार्यकर्ता और ग्रामीण मौजूद थे।

## जिले के अनुमंडलों में जन शिकायत समाधान कार्यक्रम आज




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** नागरिको के शिकायतो का त्वरित एवम प्रभावी निवारण के लिए गढ़वा पुलिस ने जिले के तीनो अनुमंडल गढ़वा, रंका तथा श्री बंशीधर नगर में जान शिकायत समाधान कार्यक्रम मंगलवार को कर रही है। गढ़वा अनुमंडल के टॉउन हाल, रंका में थाना परिसर रंका थाना तथा श्री बंशीधर नगर में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी कार्यालय परिसर में आयोजित किया जाना है। जिला पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार पांडेय ने आम लोगो से अपील किया है कि अपनी अपनी शिकायतों को दर्ज कराने तथा त्वरित निष्पादन के लिए उक्त कार्यक्रम में शामिल होना सुनिश्चित करे।जिससे आपके शिकायतों का निष्पादन किया जा सके।

**Government of Jharkhand**
**Directorate of Food & Consumer Affairs**
**3rd Floor, JSFC Bhawan, Kadru, Ranchi -834002**

**Reverse e-Auction Procurement Notice through GeM Portal**

Letter No.-kha.up.ni.01-namak-5/24- **1089** Date : 06-09-2024

**Selection Of Bidder For Supply Of Free Flow Refined Iodized Edible Salt (As Per FSSAI Norms) For 3rd Quarter (October 2024 To December 2024) Of Financial Year 2024-25 By e-Tender Through E-Bid Followed By Reverse Auction on GeM Platform.**

| Bid Details | |
|---|---|
| GeM Bid No. | GEM/2024/B/5371862 Dated: 06-09-2024 |
| Earnest Money Deposit (EMD)/Bid Security | Rs. 43.26 Lakh as EMD (margin money) in the form of Demand Draft issued from any scheduled commercial bank in the name of " Director, Directorate of Food and Consumer Affairs, Jharkhand Ranchi " in the office of Directorate of Food and Consumer Affairs, Jharkhand, Ranchi, 3rd JSFC Bhawan, Kadru, Ranchi – 834002 before last date of submission of bid documents. |
| Document Sale Date & Timing i.e Last Date & time for downloading RFP from website http://jharkhand.gov.in/food & GeM portal | From 06-09-2024 to 16-09-2024 |
| Online Bid Submission Period | From 06-09-2024 to 16-09-2024 |
| Pre-Bid Meeting | 10-09-2024 at 3:00 through google meet (https://meet.google.com/kwt-tsyc-uvp) |
| Date of Auction | Will be published after technical evaluation |
| Nameand concerned person for Correspondence | Mr. Dilip Tirkey Mobile no.- 9470520458 , email- directorfood18@gmail.com |

Sd/-
Director
(Directorate of Food & Consumer Affairs)
PR 335110 Directorate of Food and Consumer Affairs(24-25)#D

## खेल मंत्री बनने पर खेल संघ ने किया मंत्री को सम्मानित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गढ़वा :** गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर को पर्यटन, कला, संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग का मंत्री बनाए जाने पर गढ़वा जिला टेबल टेनिस संघ, बॉक्सिंग संघ और कबड्डी संघ पलामू के लोगो ने मंत्री को उनके आवास पर संघ के पदाधिकारियों ने मंत्री का स्वागत करते हुए बधाई दी। साथ ही माला पहनाकर, बुके देकर, शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। गढ़वा जिला टेबल टेनिस संघ पदाधिकारियों ने मंत्री से मिलकर नेशनल खेल रहे खिलाड़ियों को खिलाड़ियों को आप तक छात्रवृत्ति की राशि नहीं मिलने की बात करते हुए सभी खिलाड़ियों को छात्रवृत्ति की राशि भुगतान करने की मांग किया साथ ही गढ़वा जिले में गढ़वा जिले में टेबल टेनिस का डे बोर्डिंग सेंटर खोलने की मांग की। मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि सरकार की और से बनाए गए खेल नीति के तहत जो आहर्ता बनाया गया है उस अहर्ता को पूरा करने वाले सभी खिलाड़ी को जल्द छात्रवृत्ति की राशि भुगतान किया जाएगा। उन्होंने कहा कि खेल में गढ़वा के खिलाड़ी लगातार बेहतर कर रहे है। खेल और खिलाड़ी बेहतर करे इसके लिए वे हर संभव सहयोग करने को तैयार हैं। बधाई देने वालो में गढ़वा जिला टेबल टेनिस संघ के अध्यक्ष मदन प्रसाद केशरी, सचिव आनंद सिन्हा, उपाध्यक्ष धनंजय सिंह, सुशील केशरी, चंद्रभूषण सिन्हा, मुजीबुद्दीन खान, कोषाध्यक्ष सह कोच कमलेश कुमार दूबे, अमोद पांडेय, बॉक्सिंग संघ के सचिव रामप्रवेश तिवारी सहित कई लोग शामिल थे।

## लोकहीत अधिकार पार्टी का प्रखंड कमेटी हुआ विस्तार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**केतार :** प्रखंड अंतर्गत लोहिया समता उच्च विद्यालय के प्रांगण में लोकहित अधिकार पार्टी का प्रखंड स्तरीय बैठक की गई। इस दौरान लोकहीत अधिकार पार्टी के संभावित उम्मीदवार 81 विधानसभा क्षेत्र के भावी विधायक प्रत्याशी जयराम पासवान उपस्थित रहे। बैठक में बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत करने सहित विधानसभा चुनाव की तैयारियां को लेकर चर्चा के बाद सर्वसम्मति से प्रखंड कमेटी का विस्तार किया गया। इस दौरान अशोक पासवान को प्रखंड अध्यक्ष, रविन्द्र पासवान, प्रेमलाल गुप्ता, विष्णुदेव यादव, पुरूषोत्तम रजक, रोहित मेहता को सचिव चुना गया। अखिलेश उरांव, विकास कुमार, योगेन्द्र बैठा को उप सचिव, बुचुन पासवान को संगठन मंत्री, अरूण गुप्ता को मीडिया प्रभारी बनाया गया है। मौके पर जिला अध्यक्ष राम भजन गुप्ता, उपाध्यक्ष अनिल पासवान, सचिव संजय वर्मा सहित अन्य लोग मौजूद थे।

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, राँची**

**अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना**

पत्रांकः– दिनांक–

अल्पकालीन ई–निविदा संख्याः–17/2024-25/RWD /EE/RANCHI

| क्र0 सं0 | आईडेन्टी फिकेशन संख्या / पैकेज संख्या | प्रखण्ड | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) अंक में | प्राक्कलित राशि (रूपये में) अक्षर में | कार्य समाप्ति की तिथि / अवधि | टेण्डर कॉल नं0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | RWD/ RANCHI/ 50/2024-25 | काँके | पिठोरिया ठाकुरगाँव आर0सी0डी0 रोड एफ0सी0 एकेडमी से पिरूटोला कब्रिस्तान भाया मस्जिद मोहल्ला एवं मदरसा मोहल्ला तक पथ निर्माण कार्य। (ल0– 3.255 कि0मी0) | 2,49,95,500.00 | दो करोड़ उनचास लाख पन्चानबे हजार पाँच सौ रूपये मात्र। | 12 माह | प्रथम |

1. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथिः–12.09.2024
2. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समयः–21.09.2024 अपराह्न 5.00 बजे तक।
3. निविदा खोलने की तिथि एवं समयः–23.09.2024 अपराह्न 3.30 बजे।
4. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पताः– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, राँची।
5. ई–निविदा प्रकोष्ट का दूरभाष सं0– 0651–2360137

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, राँची

PR 335164 REO(24-25)#D

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
# प्रभात मंत्र
वर्ष 11, अंक 249
मंगलवार
10.09.2024
RNI No. - JHAHIN/2014/59110
prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 | मूल्य 4 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26

**सुविचार**
यह मत मानिए की जित ही सब कुछ है, महत्वपूर्ण यह है की आप किस उदेश्य के लिए जितना चाहते है!

ताजा खबरों के लिए देखें

## क्विक न्यूज

### सीबीआई ने दिल्ली प्रदूषण विभाग के अभियंता मोहम्मद अली खान को रिश्वत लेते किया गिरफ्तार

**नई दिल्ली :** केंद्रीय जांच ब्यूरो ने दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति के वरिष्ठ पर्यावरण अभियंता मोहम्मद अली खान और एक बिचौलिए को उसके बेटे सहित 91,500 रुपये की रिश्वत की राशि की लेते हुए गिरफ्तार किया है। तलाशी के दौरान वरिष्ठ पर्यावरण अभियंता के परिसर से 2.39 करोड़ रुपये की नकदी बरामद भी बरामद की गई। सीबीआई ने यह जानकारी सोमवार को दी।सीबीआई अधिकारियों के मुताबिक, एक शिकायतकर्ता की शिकायत के बाद डीपीसीसी के वरिष्ठ पर्यावरण अभियंता अभियंता मोहम्मद अली खान सहित पांच निजी व्यक्तियों के खिलाफ एक दिन पहले रविवार को मामला दर्ज किया गया था।

### मुख्यमंत्री ने दो नए ब्रिजों के लिए 56.84 करोड़ रुपये की मंजूरी दी

**अहमदाबाद :** मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने गोंडल शहर में दो नए फोरलेन ब्रिज के निर्माण के लिए 56.84 करोड़ रुपये के आवंटन को सैद्धांतिक मंजूरी दे दी है। इन दो नए पुलों का निर्माण स्वर्णिम जयंती मुख्यमंत्री शहरी विकास योजना के फ्लाईओवर ब्रिज के अंतर्गत गोंडल शहर के पांजरापोल तथा गवर्नमेंट हॉस्पिटल चौक के पास क्रमशः 28.02 करोड़ रुपये तथा 28.82 करोड़ रुपये की लागत से किया जाएगा। मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने गोंडल शहर में दो नए ब्रिज बनाने के लिए 56.84 करोड़ रुपये की राशि आवंटित करने की सैद्धांतिक स्वीकृति दी है।

### साढ़े सात साल में उत्तर प्रदेश ने विकास और निवेश के नए युग में किया प्रवेश :योगी

**लखनऊ :** आदित्यनाथ नोएडा में स्थापित हो रहे आइकिया स्टोर का वर्चुअल माध्यम से शिलान्यास किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि साढ़े सात वर्ष में उत्तर प्रदेश ने देश-दुनिया के निवेशकों का विश्वास अर्जित किया है। आइकिया इंडिया उन्हीं निवेशकों में से एक है। आइकिया इंडिया द्वारा उत्तर प्रदेश में 5500 करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव पर धन्यवाद ज्ञापित करते हुए मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश भारत के अंदर अब इन्वेस्टमेंट का ड्रीम डेस्टिनेशन बन गया है।

### 5 हजार रुपये की रिश्वत राशि लेते पटवारी गिरफ्तार

**जयपुर :** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की उदयपुर स्पेशल यूनिट टीम ने कार्रवाई करते हुए ढूंढीया तहसील मावली जिला उदयपुर के पटवारी भरत कुमार मीणा को परिवादी से पांच हजार रुपये की रिश्वत राशि लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो पुलिस महानिदेशक डॉ. रवि प्रकाश मेहरड़ा ने बताया कि उदयपुर एसीबी की स्पेशल यूनिट टीम को परिवादी ने शिकायत दी कि राजस्व रिकार्ड में नामान्तकरण शुद्धीकरण करने की एवज में पटवारी भरत कुमार मीणा दस हजार रुपये की रिश्वत मांग रहा है। इस पर उदयपुर एसीबी की स्पेशल यूनिट टीम के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजीव जोशी के नेतृत्व में शिकायत का सत्यापन कर ट्रेप की कार्रवाई करते हुए पटवारी भरत कुमार मीणा को पांच हजार रुपये की रिश्वत राशि लेते गिरफ्तार किया है।

### उत्पाद सिपाही दौड़ में मृतक युवाओं के परिजन को एक सरकारी नौकरी दे हेमंत सरकार : हिमांत विश्व शरमा

**रांची।** भाजपा के प्रदेश चुनाव सह प्रभारी एवम असम सरकार के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शरमा दो दिवसीय दौरे पर रांची पहुंचे। प्रदेश कर्यालय में अनौपचारिक भेंट मुलाकात के बाद वे सीधे ओरमांझी के जिराबर गांव पहुंचे। साथ ने प्रदेश अध्यक्ष एवम पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी,नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी,पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवम सांसद दीपक प्रकाश,प्रदेश महामंत्री एवम सांसद आदित्य साहू प्रदेश महामंत्री मनोज कुमार सिंह सहित रांची ग्रामीण जिलाध्यक्ष सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल थे।मीडिया से बात करते हुए श्री विश्व शरमा ने राज्य सरकार पर बड़ा निशाना साधा।उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार संवेदनहीन सरकार है।अबतक किसी परिजन से सरकार के प्रतिनिधि मिलने तक नहीं पहुंचे। कहा कि भाजपा राज्य के 16 नवजवानों के मौत से दुखी है।पार्टी इस दुखद क्षण में परिजनों के साथ खड़ी है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की ओर से अबतक न कोई मुवाबज राशि की घोषणा की गई नौकरी की। कहा कि क्या राज्य सरकार के पास सहायता के लिए फंड का अभाव है जो मंत्रियों के ऊपर उसे फेंक रही है। मंत्री कब और कैसे, किस मद से देंगे कुछ स्पष्ट नहीं। विश्व शरमा प्रदेश महामंत्री एवम सांसद आदित्य साहू के कुचू स्थित आवास भी गए।जहां साहू ने उनका पारंपरिक तरीके से स्वागत किया। इस अवसर पर पार्टी कार्यकर्ता एवम ग्रामीण भी उपस्थित थे। नामकुम में स्व विकास लिंडा के परिजनों से भी मिलने पहुंचे हिमंत विश्व शरमा।

**रांची का तापमान**
अधिकतम 28°
न्युनतम 22°

**गिरिडीह : गिरिडीह व धनबाद जिले के विभिन्न विकास योजनाओं का सीएम ने किया उद्घाटन-शिलान्यास**

# बेटियां अब बोझ नहीं : हेमंत

**अब झारखंड के कार्यों का अनुकरण दूसरे राज्य कर रहे है**

**465.14** करोड़ रूपए की सीएम ने दी सौगात | **310** योजनाओं का किया उद्घाटन | **639.16** करोड़ रुपए की बांटी परिसंपत्तियां

प्रभात मंत्र संवाददाता
**रांची :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि पूर्व की सरकार ने यहां के अधिकतर पात्र लोगों को पेंशन योजना से वंचित रखा। पहले गांव के कुछ चुनिंदा बुजुर्गों, दिव्यांगों एवं विधवा माता-बहनों को ही पेंशन की राशि मिल पाती थी। लेकिन अब आपकी सरकार ने ऐसा कानून बना दिया कि अब गांव में जितने भी वृद्धजन हैं सभी को पेंशन प्राप्त हो रहा है। आज हरेक दिव्यांगजन एवं विधवा माता-बहनों सहित पात्र सभी लोगों को सर्वजन पेंशन योजना के तहत पेंशन की राशि निर्धारित समय पर मिल रही है। परिणाम यह है कि अब सभी पात्र लोगों को सामाजिक सुरक्षा के अंतर्गत पेंशन योजना से आच्छादित किया जा चुका है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज राज्य में उनकी सरकार किसानों के कृषि ऋण को माफ करने का काम किया है, गरीबों का बकाया बिजली बिल माफ हो रहा है, बिजली उपभोक्ताओं को 200 यूनिट बिजली मुफ्त मिल रही है। बच्चों के पढ़ने के लिए निजी स्कूल के तर्ज पर स्कूलों का निर्माण किया गया।

राज्य में बच्चों के उज्जवल भविष्य को ध्यान में रखते हुए मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय स्थापित किए जा रहे हैं। आज उनकी सरकार गरीब, आदिवासी, मूलवासी, दलित, शोषित, पिछड़े, अल्पसंख्यक के बच्चे-बच्चियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने हेतु प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। गरीब के होनहार बच्चे विदेश में शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं। महिलाओं का सशक्तिकरण सुनिश्चित हुआ है। आज राज्य सरकार गांव-देहात से चल रही है। उक्त बातें मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन ने आज गिरिडीह जिला के गाण्डेय प्रखंड अंतर्गत कैलुडीह मैदान में आयोजित आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम में अपने सम्बोधन में कही।

**50 लाख से अधिक महिलाओं को मिल रहा झारखण्ड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना का लाभ**

मुख्यमंत्री ने कहा कि गिरिडीह की चार लाख महिलाओं को झारखण्ड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना का लाभ मिला है। अब 18 से 20 वर्ष की बेटियों को भी इस योजना का लाभ मिलेगा। यह योजना लगातार चलने वाली योजना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य की आधी आबादी को हर क्षेत्र में मजबूती के साथ आगे बढ़ना राज्य सरकार की प्राथमिकता रही है। राज्य के विकास में यहां की महिलाओं की भूमिका महत्वपूर्ण है। हमारी सरकार हर हाल में यह सुनिश्चित करने पर जोर लगा रही है कि राज्य की महिलाएं हर एक क्षेत्र में कदम से कदम मिलाकर राज्य सरकार के साथ चलते हुए झारखंड को नई दिशा देने में सहायक बनेंगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में 50 लाख से अधिक महिलाओं को झारखण्ड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना का लाभ पहुंचाया जा रहा है।

**हर वर्ग को मिला लाभ, महिलाओं के चेहरे पर दिखी मुस्कान**

मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि उनकी सरकार ने राज्य के आंगनबाड़ी सहायिका, सेविका, रसोईया, पुलिसकर्मी, सहायक पुलिसकर्मी, पारा शिक्षक, जलसहिया सहित कई विभिन्न सरकारी विभागों के कर्मचारियों के समस्याओं को सुलझाते हुए कुछ न कुछ लाभ देने का प्रयास किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा कई ऐसे निर्णय और राज्यहित के कार्य किए गए हैं जो देश में पहली बार हुआ है। आज झारखण्ड में किए गए कार्यों का अनुकरण दूसरे राज्य कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के महिलाओं को उनकी सरकार सम्मान दे रही है। पूर्व की सरकारों ने राज्य की महिलाओं के साथ न्याय करने का काम नहीं किया था। हमारी सरकार ने यहां की महिलाओं के चेहरे पर मुस्कान लाने का काम कर दिखाया है। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि राज्य की आने वाली पीढ़ी के लिए अच्छी शिक्षा व्यवस्था पर फोकस करते हुए सावित्रीबाई फुले समृद्धि योजना एवं गुरुजी क्रेडिट कार्ड जैसी योजनाओं को संचालित किया जा रहा है।



**कार्यक्रम में इनकी रही उपस्थिति**

इस अवसर पर मंत्री सत्यानन्द भोक्ता, मंत्री बेबी देवी, मंत्री इरफान अंसारी, राज्यसभा सांसद डॉ. सरफराज अहमद, विधायक मथुरा प्रसाद महतो, विधायक सुदिव्य कुमार सोनू, विधायक कल्पना सोरेन, पूर्व विधायक निजामुद्दीन अंसारी तथा गिरिडीह एवं धनबाद जिले के उपायुक्त तथा वरीय पुलिस अधीक्षक, पुलिस अधीक्षक समेत अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।



## कब तक भरा जाएगा जेपीएससी अध्यक्ष का पद : हाई कोर्ट




प्रभात मंत्र संवाददाता
**रांची :** सिविल जज जूनियर डिवीजन से संबंधित एक मामले की सुनवाई के दौरान झारखंड हाई कोर्ट के एक्टिंग चीफ जस्टिस एसएन प्रसाद और जस्टिस एके राय की खंडपीठ ने जेपीएससी के अध्यक्ष नहीं होने पर नाराजगी जताई है। हाई कोर्ट की खंडपीठ ने सोमवार को राज्य सरकार से पूछा है कि जेपीएससी में कब तक अध्यक्ष या प्रभारी अध्यक्ष की नियुक्ति कर दी जाएगी? कोर्ट ने मामले की सुनवाई मंगलवार निर्धारित की है। दरअसल, प्रार्थी श्वेता त्रिपाठी की ओर से सिविल जज जूनियर डिवीजन के मेंस के एग्जाम को जल्द कराने को लेकर याचिका दाखिल की गई थी। इस पर कोर्ट ने राज्य सरकार से जानना चाहा कि मेंस का एग्जाम अबतक तक क्यों नहीं हुआ है। इस पर जेपीएससी की ओर से कोर्ट को बताया गया कि अध्यक्ष का पद रिक्त है। इसलिए सिविल जज जूनियर डिवीजन के मेंस की परीक्षा की प्रक्रिया आगे नहीं बढ़ पाई है।कोर्ट को यह बताया गया कि जेपीएससी के नये अध्यक्ष के रूप में फिलहाल किसी की नियुक्ति नहीं हुई है। ना ही किसी को अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। 21 अगस्त को जेपीएससी अध्यक्ष डॉ मेरी नीलिमा केरकेट्टा पद से रिटायर हो गई। नीलिमा केरकेट्टा को 2022 में जेपीएससी की कमान सौंपी गई थी। 22 अगस्त से जेपीएससी अध्यक्ष का पद खाली है।

**दरअसल, प्रार्थी श्वेता त्रिपाठी की ओर से सिविल जज जूनियर डिवीजन के मेंस के एग्जाम को जल्द कराने को लेकर याचिका दाखिल की गई थी। इस पर कोर्ट ने राज्य सरकार से जानना चाहा कि मेंस का एग्जाम अबतक तक क्यों नहीं हुआ है। इस पर जेपीएससी की ओर से कोर्ट को बताया गया कि अध्यक्ष का पद रिक्त है। इसलिए सिविल जज जूनियर डिवीजन के मेंस की परीक्षा की प्रक्रिया आगे नहीं बढ़ पाई है।**

## हरियाणा में नहीं होगा कांग्रेस और आप का गठबंधन



**आप हरियाणा प्रमुख सुशील गुप्ता ने हरियाणा विधानसभा चुनाव के लिए कहा,हमने पहली सूची जारी कर दी है और जल्द ही आपको दूसरी सूची भी मिल जाएगी।**

एजेंसी
**नई दिल्ली :** आम आदमी पार्टी ने कांग्रेस के साथ गठबंधन की चर्चा में हो रही देरी के बीच अपने उम्मीदवारों की पहली लिस्ट जारी कर दी। इसके बाद आप हरियाणा प्रदेश अध्यक्ष सुशील गुप्ता ने गठबंधन को लेकर बड़ा ऐलान कर दिया। उन्होंने कहा कि आज पहली लिस्ट जारी हो गई है। जल्द ही हम दूसरी लिस्ट भी जारी करेंगे। गठबंधन की चर्चा पर विराम लगाते हुए उन्होंने कहा कि हम इंडिया गठबंधन के पार्टनर हैं लेकिन नेशनल लेवल पर। आप हरियाणा प्रमुख सुशील गुप्ता ने हरियाणा विधानसभा चुनाव के लिए कहा,हमने पहली सूची जारी कर दी है और जल्द ही आपको दूसरी सूची भी मिल जाएगी। अब चुनाव के लिए बहुत कम समय बचा है। हमने ईमानदारी से इंतजार किया। हर विधानसभा में संगठन मजबूत है और वह मजबूत संगठन चाहता था कि हम चुनाव लड़ें। हमने अपना धैर्य दिखाया है और उसके बाद हमने अपनी लिस्ट जारी की। हम इंडिया गठबंधन के पार्टनर थे। हम नेशनल लेवल पर इंडिया गठबंधन के पार्टनर हैं। इधर आप सांसद संजय सिंह ने भी कहा,12 तारीख तक नामांकन करना है, बहुत कम समय बचा है और हमारी प्राथमिकता भारतीय जनता पार्टी को हटाना है। आज 20 उम्मीदवारों की सूची जारी की गई है, मैं अरविंद केजरीवाल की तरफ से उन सभी को हार्दिक बधाई देता हूं और हम 5 गारंटी को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

### भारत में भी मंकीपॉक्स ने दिया दस्तक

**नई दिल्ली:** मंकीपॉक्स का संक्रमण अब भारत में भी दस्तक दे चुका है। रविवार (8 सितंबर) को भारत में मंकीपॉक्स के पहले संदिग्ध रोगी की पहचान की गई थी। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा साझा की गई जानकारियों के मुताबिक उसने हाल ही में मंकीपॉक्स का संक्रमण झेल रहे एक देश की यात्रा की थी। फिलहाल उसे संक्रमण के लिए निर्धारित किए गए अस्पताल में आइसोलेट किया गया है। रविवार को ही एक अन्य संदिग्ध रोगी का पता चला था हालांकि उसकी रिपोर्ट बाद में निगेटिव आई थी। एमपॉक्स के खतरे को देखते हुए स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने सभी लोगों को सावधानी बरतते रहने की सलाह दी है।केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने सोमवार को संदिग्ध व्यक्ति में संक्रमण की पुष्टि करते हुए कहा कि उसने हाल ही में ऐसे देश की यात्रा की थी जहां इस रोग का भयंकर प्रकोप जारी है। इस आधार पर देश में एमपॉक्स के पहले मामले की पुष्टि यात्रा से संबंधित संक्रमण के रूप में हुई है। रोगी का आइसोलेशन में प्रोटोकॉल के अनुसार प्रबंधन और इलाज किया जा रहा है।

## अबू धाबी के क्राउन प्रिंस और पीएम मोदी के बीच हैदराबाद हाउस में हुई बैठक



एजेंसी
**नई दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अबू धाबी के क्राउन प्रिंस शेख खालिद बिन मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान ने हैदराबाद हाउस में बैठक की। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट किया,एक करीबी दोस्त का गर्मजोशी से स्वागत। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हैदराबाद हाउस में अबू धाबी के क्राउन प्रिंस शेख खालिद बिन मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान का स्वागत किया।अबू धाबी के क्राउन प्रिंस शेख खालिद बिन मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान आधिकारिक यात्रा पर भारत आए हैं।

यह क्राउन प्रिंस के रूप में उनकी पहली भारत यात्रा है। क्राउन प्रिंस के साथ यूएई सरकार के कई मंत्री और एक व्यापारिक प्रतिनिधिमंडल भी आया है।क्राउन प्रिंस का राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से भी मिलने का कार्यक्रम है। वो मंगलवार को एक बिजनेस फोरम में हिस्सा लेने मुंबई भी जाएंगे। हाल के वर्षों में भारत और यूएई के बीच व्यापक रणनीतिक साझेदारी राजनीति, व्यापार, निवेश, कनेक्टिविटी, ऊर्जा, प्रौद्योगिकी, शिक्षा और संस्कृति सहित कई क्षेत्रों में गहरी हुई है। क्राउन प्रिंस की यात्रा भारत-यूएई द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत करेगी और नए और उभरते क्षेत्रों में साझेदारी के लिए रास्ते खोलेगी।

**कोलकाता चिकित्सक दुष्कर्म व हत्या मामले में उच्चतम न्यायालय में हुई सुनवाई**

## काम पर लौटें डॉक्टर : सुप्रीम कोर्ट



एजेंसी
**नई दिल्ली :** कोलकाता में चिकित्सक से दुष्कर्म और हत्या मामले से संबंधित याचिका पर उच्चतम न्यायालय में सुनवाई हुई। इस दौरान केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो ने मामले की जांच को लेकर स्टेटस रिपोर्ट पेश की। बंगाल सरकार ने भी कोर्ट को स्थिति रिपोर्ट सौंपी। सुनवाई के दौरान वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने सुप्रीम कोर्ट को बताया कि पश्चिम बंगाल सरकार ने स्थिति रिपोर्ट दाखिल की है। इसमें बताया गया है कि जब डॉक्टर काम नहीं कर रहे थे, तब 23 लोगों की मौत हो गई। सुनवाई के बाद कोर्ट सीबीआई से नई स्टेटस रिपोर्ट मांगी है। कोर्ट ने जांच एजेंसी को एक हफ्ते का समय दिया है। इसके बाद कोर्ट ने मामले पर सुनवाई 17 सितंबर तक के लिए स्थगित कर दी।सुप्रीम कोर्ट ने याद दिलाया कि उसने डॉक्टरों के काम पर लौटने के बाद उनके खिलाफ कोई कार्रवाई न करने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने टिप्पणी की है कि अब भी अगर वे काम पर नहीं लौटते हैं तो हम राज्य सरकार को कार्रवाई करने से नहीं रोक सकते हैं। इस पर वरिष्ठ अधिवक्ता गीता लूथरा ने जवाब दिया कि डॉक्टरों को धमकाया जा रहा है। सुप्रीम कोर्ट ने डॉक्टरों से मंगलवार की शाम 5 बजे तक काम पर लौटने को कहा।

## जीएसटी परिषद ने कैंसर की दवाओं व नमकीन पर कर घटाया

एजेंसी
**नई दिल्ली :** जीएसटी परिषद की 54वीं बैठक के बाद वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कैंसर की दवाओं व नमकीन पर जीएसटी दर घटाने का एलान किया।

वित्त मंत्री सीतारमण ने प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि परिषद ने बैठक के दौरान कई फैसले लिए। वित्त मंत्री ने बताया कि सरकारी संबद्ध शैक्षणिक संस्थानों को जीएसटी से छूट देने का भी फैसला किया गया है।

उन्होंने कहा कि इसके अलावा कैंसर की दवाओं पर भी जीएसटी घटाया गया है। वित्त मंत्री ने कहा कि नमकीन पर जीएसटी दर भी संभावित रूप से कम की गई। वित्त मंत्री ने यह भी बताया कि वाणिज्यिक संपत्तियों को किराए पर देने को रिवर्स चार्ज मैकेनिज्म के तहत लाया गया जाएगा।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि कैंसर की दवाओं पर जीएसटी को 12 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत करने का उद्देश्य कैंसर के इलाज की कुल लागत को और कम करना है।



## महापौर ने आज की बैठक स्थगित की

**बेतिया (प्रभात मंत्र संवाददाता)**: नगर निगम बोर्ड की 10 सितंबर को आहूत बैठक के एजेंडे में नगर आयुक्त द्वारा छेड़ छाड़ को लेकर महापौर गरिमा देवी सिकारिया के स्तर से उक्त बैठक स्थगित कर दिया है। महापौर द्वारा नगर आयुक्त को लिखे संबंधित पत्र में कहा है कि उनके द्वारा निर्धारित एजेंडे में नगर आयुक्त शंभू कुमार द्वारा एक बार फिर से अनाधिकार छेड़ छाड़ कर के उनके द्वारा निर्धारित चार एजेंडों में नियम के विरुद्ध अपने स्तर से बड़ी खरीदारी एवं नई एजेंसी चयन आदि का छह एजेंडा और जोड़ दिया गया है। इसके कारण नगर निगम बोर्ड की उक्त बैठक को स्थगित करते हुए महापौर के द्वारा पूर्व निर्धारित सिर्फ चार एजेंडे पर ही आगामी 23 सितंबर को नगर निगम बोर्ड की बैठक आहूत करने की कार्रवाई का निर्देश दिया है। अपने उक्त पत्र की प्रति नगर विकास एवम आवास विभाग के प्रधान सचिव से लेकर जिलाधिकारी तक को नगर आयुक्त के स्तर से संबंधित स्वेच्छाचारिता का विस्तार से वर्णन किया है। महापौर श्रीमती सिकारिया ने अपने पत्र में लिखा है कि - बड़ी खेद के स्पष्ट करना है कि आपकी स्वेच्छाचारिता के कारण बेतिया नगर निगम के बोर्ड की बैठकों का विधि सम्मत व्यवस्था के तहत आयोजन और संचालन नहीं हो पा रहा है। इसका उदाहरण देकर उन्होंने नगर आयुक्त को लिखा है कि आप अवगत हैं कि विगत 20 जुलाई 2024 को अधोहस्ताक्षरी द्वारा निर्देशित नगर निगम बोर्ड की बैठक आपकी असमर्थता जताने के कारण नहीं हो सकी। पुनः 13 अगस्त को निर्धारित बैठक आपके द्वारा अनाधिकार एजेंडा बढ़ा दिए जाने के कारण बोर्ड में निर्णय के आलोक में उक्त बैठक को स्थगित करना पड़ा और उसी बोर्ड की बैठक में ही लिए गए निर्णय के आलोक में अधोहस्ताक्षरी द्वारा पूर्व से निर्धारित चार एजेंडे पर ही बैठक करने हेतु पुनः17 अगस्त को निर्धारित बैठक आहूत करने में आपने असमर्थता जताते हुए बैठक आहूत नहीं होने दिया। इसके बाद अधोहस्ताक्षरी के द्वारा पुनः उन्ही चार एजेंडों पर 10 सितंबर को बैठक बुलाने के लिए पत्र दिया गया। उक्त बैठक के लिए आपके स्तर से शनिवार दिनांक 7 सितंबर को प्राप्त पत्र में अपने स्तर से बड़ी खरीदारी, नई एजेंसी चयन आदि का छह एजेंडों को पुनः जोड़ कर स्वेच्छाचारिता की प्रकाष्ठा पार करने का कार्य किया गया है। जबकि बिहार नगर पालिका अधिनियम 2007 के 27अ(4) में स्पष्ट उल्लेख है कि महापौर/मुख्य पार्षद के निर्देशन में ही बैठक के लिए विचारणीय विषय तैयार किये जाएगें। इसको लेकर महापौर ने लिखा है कि पुनः निर्देशित किया है कि अधोहस्ताक्षरी द्वारा पूर्व से निर्धारित चार एजेंडे पर ही नगर निगम बोर्ड की सामान्य बैठक आगामी 23 सितम्बर नगर निगम बोर्ड की आहूत करने की विहित प्रक्रिया पूरी करने का निर्देश दिया है।



## गणेश पूजा के अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता)**: पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र में तीन दिवसीय गणेश पूजा महोत्सव के दौरान कई जगह पर सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं भक्ति जागरण का आयोजन किया गया। जानकारी के अनुसार बचरा बसंत विहार कॉलोनी में गणेश पूजा समिति के द्वारा भक्ति जागरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में बाहर से आए हुए कलाकारों के द्वारा कई प्रकार के भक्ति गीत प्रस्तुत किया गया जिसे उपस्थित लोगों ने खूब पसंद किया। इससे पूर्व भक्ति जागरण कार्यक्रम का उद्घाटन अतिथियों के द्वारा फीता काटकर किया गया। कलाकारों के द्वारा भक्ति गीत प्रस्तुत किया गया।इस मौके पर झारखंड प्रदेश महिला कांग्रेस के अध्यक्ष गुंजन कुमारी सिंह,श्रमिक प्रतिनिधि विद्यापति सिंह, कासिम उर्फ मुन्ना,शंकर मुखर्जी,बसंत कुमार,गांधी राम साहू,संतोष कुमार दास, पिंकी सिंह,राजा खान,रमेश सिंहा,वीरेंद्र महतो सहित काफी संख्या में लोग मौजूद थे।इधर सन क्लब बचरा बाजारटांड़ के द्वारा गणेश पूजा महोत्सव के अवसर पर छोटे-छोटे बच्चों के बीच नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।इस कार्यक्रम का उद्घाटन झारखंड प्रदेश महिला कांग्रेस की अध्यक्ष गुंजन कुमारी सिंह ने फीता काटकर किया।इसके बाद छोटे-छोटे बच्चों के द्वारा एक से बढ़कर एक नृत्य पेश किया गया,जिसे उपस्थित लोगों ने खूब पसंद किया। अंत में प्रतियोगिता में शामिल सभी बच्चों को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर आयोजन समिति के सभी लोग मौजूद थे।

## तमाड़ से लापता लड़की के बरामद होने के बाद दुष्कर्म की कहानी सामने आई, जांच में जुटी पुलिस

**तमाड़ (प्रभात मंत्र संवाददाता)**: रांची जिला अंतर्गत तमाड़ थाना क्षेत्र के एक गांव से नाबालिक लड़की का अपहरण कर बलात्कार करने संबंधी मामला प्रकाश में आया है।इस घटना की चौक चौराहों पर चर्चा हो रही है। इस संबंध में पिडिता के द्वारा तमाड़ थाना में रविवार की रात 11:30 बजे के करीब मामला दर्ज कराया गया है। दर्ज प्राथमिकी के अनुसार नाबालिक लड़की को अपहरण कर लखनऊ ले जाया गया था जहां बताया जा रहा है कि एक ट्रक चालक की कब्जे में थी और दो दिनों तक चालक के द्वारा पिडिता के साथ दुष्कर्म करके उसे छोड़ दिया गया और स्थानीय पुलिस द्वारा लड़की को वहां से बरामद कर महिला सुधार गृह में सुरक्षित रखा गया था। बाद में एक एनजीओ के प्रयास से उनके परिजनों के पास रविवार को घर लाया गया और देर रात तमाड़ थाना में पिडिता के साथ तमाड़ थाना प्रभारी रौशन कुमार,महिला थाना प्रभारी खुशबू वर्मा और ग्रामीण पुलिस अधीक्षक सुमित कुमार अग्रवाल के द्वारा घटना के संबंध में पूछताछ करने के बाद मामला दर्ज किया गया है। बताया जाता है कि लड़की द्वारा बार-बार अलग-अलग बयान दिया जा रहा है। लड़की के बयान पर दो नाबालिग को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया है। इधर तमाड़ थाना प्रभारी रोशन कुमार का कहना है कि नाबालिक लड़की बार-बार अपना बयान बदल रही है। जिससे मामले की छानबीन करने में परेशानी हो रही है। फिर भी हम लोग मामले की छानबीन गहराई से कर रहे हैं और जल्द मामले की तह तक पहुंचेंगे।सोमवार की दोपहर को बुंडू थाना प्रभारी खुशबू वर्मा के द्वारा लड़की का मेडिकल टेस्ट के लिए रांची भेजा गया है। रिपोर्ट आने के बाद ही दुष्कर्म का मामला का पता चल सकता है। ज्ञात हो के उक्त लड़की तमाड़ के एक स्कूल में पढ़ाई करती है। तथा 16 अगस्त को अपने घर से स्कूल निकली थी। ओर वापस घर नहीं लौटी। उसके भाई द्वारा तमाड़ थाना में गुमशुदगी का मामला दर्ज किया था। जो की दैनिक अखबारों में भी छप चुका है। इधर दुष्कर्म के मामला को लेकर गिरफ्तार नाबालिक लड़के के परिजनों का कहना है कि यह दोनों लड़के बेकसूर हैं।

## ठाकुर गांव के हेमंत साहु के घर भगवान श्री गणेश की स्थापना और पूजा की गई

**ठाकुरगांव (प्रभात मंत्र संवाददाता)**: विष्णु चौक में हेमंत साहु ने सिर्फ अपने घर के सदस्यों द्वारा इस वर्ष भी पूजा का भव्य आयोजन किया गया है।ठाकुर गांव के लोगों में गणेश पूजा को लेकर यहां के स्थानीय लोगों में काफी उत्साहित देखने को मिला। पूजा अर्चना पंडित अभिषेक वैध के द्वारा पूरी विधि विधान से किया गया। पूजा पंडाल के साथ साथ भगवान श्री गणेश की 3.5 फीट की प्रतिमा को स्थापित किया गया है। 5 दिनों तक का यह आयोजन किया जाता है। जिसमे प्रतिदिन संध्या में भगवान श्री गणेश के महा आरती का आयोजन किया जाता है। उसके बाद छप्पन भोग चढ़ाया जाता है। पहले दिन भगवान श्री गणेश के आगमन पर जागरण का आयोजन किया गया है।हभगवान श्री गणेश जी को 11 किलो लड्डू का भोग लगाया गया है।दूसरे दिन श्री गणेश जी को 51 किलो चावल के खिचड़ी का भोग लगाया जाएगा।तीसरे दिन भगवान श्री गणेश को खीर का भोग लगाया जाएगा जिसमें 51 लीटर दूध का प्रयोग होगा।चौथे दिन भगवान श्री गणेश जी के समक्ष महा भंडारा का आयोजन किया जाएगा,जिसमे पूड़ी, सब्जी, चटनी, चिप्स एवम बुंदिया का भोग लगेगा।पांचवे दिन भगवान श्री गणेश की भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी जिसमे डीजे बजा के साथ साथ चलंत झांकी भी होगी।

# आज जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का होगा आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खूंटी :** जिले के नागरिकों के शिकायतों का त्वरित एवं प्रभावी निवारण तथा पुलिस एवं नागरिकों के बीच अविश्वास एवं दूरी को समाप्त करने के उद्देश्य से दिनांक- 10.09.2024 को जिले में जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में आमजनों की सहभागिता सुनिश्चित करने एवं उन्हें कार्यक्रम की पूर्ण जानकारी उपलब्ध कराने के उद्देश्य से आज पुलिस अधीक्षक अमन कुमार ने नगर भवन खूँटी से हरीझंडी दिखाकर कार्यक्रम प्रचार वाहन को रवाना किया। यह वाहन जिले सुदूरवर्ती क्षेत्रों में जाकर आमजनों को कार्यक्रम की पूर्ण जानकारी देने का कार्य करेगा। जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन खूँटी पुलिस अनुमण्डल के 05 थाना कमशः खूँटी, मुरहू, सायको, अड़की एवं मारंगहादा थाना के लिए नगर भवन, खूँटी में तथा तोरपा पुलिस अनुमण्डल के 03 थाना कमशः तोरपा, तपकरा एवं रनिया थाना क्षेत्र के लिए तोरपा स्थित सभागार (तोरपा थाना परिसर) में किया जाएगा। उक्त निर्धारित तिथि एवं समय को खूँटी पुलिस अनुमण्डल अन्तर्गत खूँटी, मुरहू, अड़की, सायको एवं मारंगहादा थाना क्षेत्र के निवासी अपने शिकायतों के निष्पादन/निवारण हेतु नगर भवन, खूँटी में तथा तोरपा पुलिस अनुमण्डल अन्तर्गत तोरपा, तपकरा एवं रनिया थाना क्षेत्र हेतु अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी कार्यालय, तोरपा स्थित सभागार (तोरपा थाना परिसर) में जन शिकायत समाधान कार्यक्रम में भाग ले सकते है। विशेष परिस्थिति में आम जनता को जन शिकायत समाधान कार्यक्रम स्थल नगर भवन, खूँटी में आने के लिए उनकी आवागमन के लिए नजदीकी थाना में वाहन की व्यवस्था की गई है, जो समय- 09:00 बजे पूर्वाह्न में संबंधित थाना से नगर भवन, खूँटी के लिए प्रस्थान करेगी।

# चान्हो सोनचीपी स्थित एनएच 39 पर बने गड्ढों को स्कूल के छात्रों ने शिक्षक नीरज सिंह की अगुवाई में भरा गया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चान्हो :** चान्हो प्रखंड के सोनचीपी स्थित टाना भगत आवासीय विद्यालय के पास एनएच 39 पर जानलेवा साबित हो रहे आधा दर्जन गड्ढों को स्कूल के छात्रों ने शिक्षक नीरज सिंह की अगुवाई में भर दिया, जिससे सड़क को फिर से चलने लायक बनाया जा सका। यह कदम तब उठाया गया जब स्थानीय लोग और विद्यालय के छात्र आए दिन इन गड्ढों के कारण दुर्घटनाओं का शिकार हो रहे थे। एनएच 39 पर स्थित ये गड्ढे लंबे समय से मरम्मत की प्रतीक्षा में थे, लेकिन प्रशासन की ओर से कोई कार्रवाई नहीं की जा रही थी। ऐसे में टाना भगत आवासीय उच्च विद्यालय के बच्चों और उनके शिक्षक ने खुद मोर्चा संभालने का निर्णय लिया। शिक्षक नीरज सिंह की प्रेरणा से छात्रों ने मिलकर इन गड्ढों को भरने का काम शुरू किया। मिट्टी और अन्य संसाधनों का उपयोग करते हुए छात्रों ने कुछ ही घंटों में गड्ढों को भरकर सड़क को यातायात के लिए सुरक्षित बना दिया। इस कदम की स्थानीय लोगों ने जमकर सराहना की है। उन्होंने कहा कि जहां प्रशासन असफल रहा, वहां इन छात्रों ने समाज सेवा का उदाहरण पेश किया है। इस पहल ने यह भी दिखाया कि युवाओं में समाज की बेहतरी के लिए काम करने की कितनी चाहत है। सरकार और प्रशासन से मांग की जा रही है कि वे इन सड़कों की स्थायी मरम्मत करें ताकि भविष्य में ऐसी समस्याओं का सामना न करना पड़े।

# राजकीयकृत मध्य विधालय बचरा मे विद्यालय प्रबंध समिति का हुआ गठन



**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता)**: सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बचरा उतरी पंचायत के राजकीयकृत मध्य विधालय बचरा मे विद्यालय प्रबंध समिति के पुर्नगठन को लेकर मुखिया गुंजन कुमारी सिंह की अध्यक्षता में आमसभा का आयोजन किया गया। जिसमें स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों के अभिभावकगण शामिल हुए।आमसभा मे विद्यालय प्रबंध समिति के पुनर्गठन को लेकर विचार विमर्श किया गया एवं सर्वसम्मति से प्रबंध समिति का गठन किया गया।जिसमे सर्वसम्मति से अध्यक्ष फैयाज अहमद,संयोजिका रेखा देवी,उपाध्यक्ष पुष्पा कुमारी और उप संयोजिका निखत प्रवीण को बनाया गया।इसके अलावा बिंदु देवी,रुकैया खातून,विष्णु महतो,पूनम देवी,मोनी देवी,हबीब खान,अफसाना परवीन,कोशिला देवी सहित अन्य लोगों को सदस्य बनाया गया।बैठक में स्कूल के सफल संचालन को लेकर चर्चा की गई,जिसमे बच्चों के बेहतर शिक्षा सहित अन्य बातों पर विचार विमर्श किया गया।बैठक में सीआरपी विनोद प्रसाद गुप्ता,मुखिया गुंजन कुमारी सिंह, फैयाज अहमद,निखत परवीन, पनवा देवी,विशुण महतो, हबीब खान,फारूक मंसूरी, मोनी देवी,पूनम देवी,मीना देवी,असगरी खातून,रीता देवी,रुकैया खातून,रेखा देवी,राजू प्रसाद सिंह, कोशिला देवी,अफसाना खातून, कल्पना देवी सहित कई लोग मौजूद थे।

## पिपरवार कोयलांचल में गणेश भगवान की प्रतिमा का हुआ विसर्जन



**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता)**:सीसीएल पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र और आसपास के ग्रामीण इलाकों में स्थापित गणेश भगवान की प्रतिमा का विसर्जन किया गया।इस मौके पर संबंधित गणेश पूजा समिति के द्वारा भव्य विसर्जन जुलूस निकाला गया।जानकारी के अनुसार बचरा बाजारटांड़ स्थित सन क्लब के द्वारा आयोजित तीन दिवसीय गणेश पूजा महोत्सव के अंतिम दिन गाजे-बाजे के साथ विसर्जन जुलूस निकाला गया।यह विसर्जन जुलूस बचरा बाजारटांड़,बचरा थाना चौक,अंबेडकर चौक,चार नंबर चौक,बस स्टैंड,पटेल चौक सहित अन्य जगहों का भ्रमण किया।इस दौरान देवा हो देवा गणपति देवा तुमसे बढ़कर कौन,स्वामी तुमसे बढ़कर कौन एंव गणपति बप्पा अगले वर्ष तुम जल्दी आना सहित अन्य गीतो पर नाचते गाते नजर आए। इलाके का भ्रमण करने के बाद विसर्जन जुलूस बचरा सफी नदी पहुंचा जहां गणेश भगवान की प्रतिमा का विसर्जन किया गया।विसर्जन जुलूस में काफी संख्या में लोग मौजूद थे।इधर बचरा बंसत विहार स्थित टीएच कॉलोनी एंव बेंती पूजा पंडाल में स्थापित गणेश भगवान की प्रतिमा का नगर भ्रमण के बाद दामोदर नदी एवं सफी नदी में विसर्जन किया गया।

# इनामी नक्सली मुनेश्वर गंझू उर्फ बिक्रम गंझू ने किया पुलिस के पास आत्मसमर्पण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** झारखण्ड सरकार ने राज्य को नक्सल मुक्त राज्य बनाने का संकल्प लिया है। इस संकल्प को धरातल पर उतारने के लिए महानिदेशक एवं पुलिस महानिरीक्षक, झारखण्ड, रॉची के नेतृत्व में झारखण्ड पुलिस, सीआरपीएफ एवं झारखण्ड जगुआर द्वारा सभी नक्सली संगठनो के खिलाफ चौतरफा कार्रवाई की जा रही है। इस दिशा में पुलिस को नक्सली संगठनों के विरूद्ध निरंतर सफलतायें भी मिल रही है। झारखण्ड को पूरी तरह से नक्सल मुक्त करने हेतु भटके नक्सलियों को मुख्यधारा में लौटने के लिए झारखण्ड सरकार की आत्मसमर्पण नीति नई दिशा में कार्य कर रही है, जिसका परिणाम काफी सकारात्मक मिल रहा है। फलस्वरूप अब तक भाकपा माओवादी, टीएसपीसी. पीएलएफआई सहित अन्य कई प्रतिबंधित नक्सली संगठनों के कई बड़े इनामी नक्सली से लेकर दस्ता सदस्य तक झारखण्ड पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण कर चुके हैं। इसी कड़ी में आज दिनांक 09.09.2024. को टीएसपीसी उग्रवादी संगठन के एरिया कमाण्डर मुनेश्वर गंझू उर्फ विक्रम जी उम्र लगभग 22 वर्ष। पिता अमृत गंझू, सा डमारु थाना केरेडारी जिला हजारीबाग वरीय पुलिस अधीक्षक, रॉची एवं सीआरपीएफ रॉची के संयुक्त प्रयास से आत्मसमर्पण किये। इसके विरूद्ध विभिन्न थाना क्षेत्र में 26 काण्ड दर्ज है, इनके गिरफ्तारी हेतु 02 लाख के पुरस्कार का प्रस्ताव रखा पूर्व में भी भेजा गया था। पुलिस द्वारा लगातार चलाये जा रहे अभियान, पुलिस की बढ़ती दबिश एवं संगठन के आंतरिक शोषण से क्षुब्ध होकर तथा झारखण्ड सरकार की आत्मसमर्पण एवं पुनर्वास नीति से प्रभावित होकर इन्होंने आत्मसमर्पण किया है।

# विधायक प्रतिनिधि के पुत्र सीसीएल कर्मचारी नरेन्द्र लाल का हुआ निधन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बहेरा निवासी और सिमरिया के भाजपा विधायक किशुन दास के विधायक प्रतिनिधि विजय लाल के बड़े पुत्र सीसीएल कर्मचारी नरेंद्र लाल का निधन बीती रात रांची के मेडिकल अस्पताल में हो गई।जानकारी के अनुसार नरेंद्र लाल सीसीएल पिपरवाहर क्षेत्र के सीएचपी/सीपीपी परियोजना में कार्यरत थे।इस संबंध में उनके परिजनों ने बताया कि रविवार को वह ड्यूटी करने के बाद घर आया,जिसके बाद उनकी तबीयत खराब हो गई।परिजनों ने उसे ईलाज के लिए सीसीएल के केंद्रीय अस्पताल गांधीनगर पहुंचाया,जहां इलाज के बाद उन्हें रांची के मेडिकल अस्पताल रेफर कर दिया गया,जहां इलाज के दौरान उनका निधन हो गया।इधर घटना की सूचना मिलने के बाद मृतक के परिजन सहित स्थानीय ग्रामीणों ने मृतक के परिजन को नौकरी देने की मांग को लेकर क्षेत्र की कोयला ढुलाई सहित साईडिंग का काम बंद करा दिया।इस दौरान सभी लोग सीएचपी/सीपीपी परियोजना कार्यालय पहुंचकर मृतक के आश्रित को नौकरी देने की मांग करने लगे।इस दौरान सीएचपी/सीपीपी परियोजना कार्यालय मे प्रबंधन और ग्रामीणों के बीच वार्ता भी हुई,लेकिन वार्ता में कोई पहल नहीं होने का कारण वार्ता विफल रही।जिसके बाद ग्रामीणों मे काफी आक्रोश देखा गया।इधर दोपहर मे पिपरवार महाप्रबंधक कार्यालय में महाप्रबंधक संजीव कुमार ने मृतक के आश्रित एवं स्थानीय ग्रामीणों के साथ वार्ता किया।जिसमे सीसीएल कर्मचारी नरेन्द्र लाल के निधन पर उनकी पत्नी को अनुकंपा के आधार पर नौकरी देने को लेकर चर्चा की गई।वार्ता मे सीसीएल प्रबंधन द्वारा कागजी प्रक्रिया पूरी होने के साथ 20 दिनों के अंदर नौकरी देने का लिखित आश्वासन दिया।सीसीएल प्रबंधन के आश्वासन के बाद लोग शांत हुए।

## चार दिवसीय गणेश पूजा धूमधाम से मनाया जा रहा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मुरी :** मुरी रेलवे क्लोनी में चल रहे चार दिवसीय गणेश पूजा बहुत ही धूमधाम से मनाया जा रहा है।सोमवार को श्री श्री गणेश पूजा कमिटी की ओर से भंडारा का आयोजन किया गया।इस भंडारा में काफी लोग दुर दराज से शामिल हुए और गणेश भगवान का प्रसाद ग्रहण किए। भंडारा का आयोजन दिन भर चलता रहा। पुरा दिन श्रध्दुलओं की भीड़ जमी रही। साथ ही मंगलवार को जमशेदपुर के दलजीत सिंह परवाना ग्रुप के द्वारा भक्ति जागरण का आयोजन किया गया है। पुजा को सफल बनाने में श्री श्री गणेश पूजा कमिटी के अध्यक्ष कांता राव, उपाध्यक्ष वी वी राव,वी राजेश्वर राव,लोकेश राव,रवि शेखर, वी वेंकट राव,पवन कुमार,बाला राव, सुधीर राव,शिव शंकर प्रसाद, सरोज शर्मा, समेत कमिटी के सदस्यों का काफी योगदान है।

## सीसीएल कर्मचारी के निधन पर कई लोगों ने किया शोक प्रकट



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** पिपरवार क्षेत्र के बहेरा निवासी विधायक प्रतिनिधि बिजय लाल के पुत्र सीसीएल कर्मचारी नरेंद्र लाल के आकस्मिक निधन पर पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र के कई लोगों ने शोक प्रकट किया है।क्षेत्र के विभिन्न राजनीतिक दलों के लोग,श्रमिक प्रतिनिधि, पंचायत प्रतिनिधि, समाजसेवी सहित स्थानीय ग्रामीणों ने उनके निधन पर दुख प्रकट करते हुए उनके परिजनों को सांत्वना दी है। वही इस घटना की सूचना पाकर सिमरिया विधायक किशुन दास बहेरा स्थित मृतक के आवास पहुंचकर परिजनों से मुलाकात की और उन्हें सांत्वना दिया।दुख प्रकट करने वालों में चतरा सांसद कालीचरण सिंह,हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल,सिमरिया विधायक किशुन दास, भाजपा चतरा जिला अध्यक्ष रामदेव सिंह भोक्ता,कांग्रेस चतरा जिला उपाध्यक्ष कासिम उर्फ मुन्ना,चतरा जिला महासचिव अब्दुल कुदुस,रैयत विस्थापित मोर्चा के केंद्रीय उपाध्यक्ष इकबाल हुसैन,भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के चतरा जिला उपाध्यक्ष मोहम्मद ताज, भाजपा पिपरवार मंडल अध्यक्ष धीरेंद्र कुमार शर्मा, पूर्व मंडल अध्यक्ष संजीव मिश्रा,पूर्व सांसद प्रतिनिधि अश्विनी दराद,दिलीप अम्बष्ट,विधापति सिंह,बहेरा अंजुमन के सचिव सलीम जावेद,कल्याणपुर अंजुमन के सदर इदरीस अंसारी, मोहम्मद अब्दुल्ला,जितेंद्र कुमार,मोहम्मद फैयाज, फहीम रजा,जितेन्द्र लाल सहित कई लोगों का नाम शामिल है।

## 30 दिवसीय ब्यूटी पार्लर प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ समापन समारोह



**सिल्ली (प्रभात मंत्र संवाददाता)**: श्री धर्मस्थला मंजूनाथेश्वर शिक्षण ट्रस्ट एवं केनरा बैंक द्वारा संचालित रूडसेट संस्थान सिल्ली में 30 दिवसीय ब्यूटी पार्लर प्रबंधन प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन समारोह किया गया। मुख्यअतिथि श्री सुदेश कुमार महतो पूर्व उपमुख्य मंत्री झारखंड सह सिल्ली विधायक, श्री अनुराग श्याम अंबास्ता डिविजनल मैनेजर केनरा बैंक सर्कल ऑफिस रांची, रुडसेट संस्थान के दिनेशक संजीत कुमार उपस्थित हुए। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में राज्य के विभिन प्रखंड से आए महिलाओं ने भाग लिया। अथिति सुदेश कुमार महतो ने यह संदेश दिया की आप सभी लोग प्रशिक्षण के बाद अपना स्वयं का ब्यूटी पार्लर खोलें कयोकि आज के दौर में ब्यूटी पार्लर का बहुत मांग है हर कोई सुंदर दिखना चाहती है मेहनत और इमानदारी से अपना कार्य करे और लोगो को स्वरोजगार से जोड़ने और आगे बढ़ाने में सहायता करे। डिविशनल मैनेजर अनुराग श्याम अंबास्ता ने बैंक से जुड़ी सारी योजनाओं की जानकारी विस्तार से दिए दिए और लोन लेकर स्वरोजगार को आगे बढ़ाएं। रुदसेट संस्थान के निदेशक संजीत कुमार ने संस्थान के कार्यकलाप को बताया और बेहतर करने की बात कही। मंच का संचालन मौके पर वरिष्ट संकाय अनिल कुमार ने किया और धन्यवाद ज्ञापन वरिष्ठ संकाय जगदीश चंद्र महतो ने किया। मौके पर सबिता पोद्दार, अष्टमी सिंह, मेघा रोया, दशरथ महतो,महेश रुहिदास , सुनील मुंडा उपस्थिति रहे।

## टाटा साल्ट इम्यूनो ने राष्ट्रीय पोषण सप्ताह के लिए पोषण को बढ़ावा दिया

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता)**: राष्ट्रीय पोषण सप्ताह के उपलक्ष्य में, टाटा साल्ट इम्यूनो आयोडीन और जिंक के संयोजन वाले अपने अनूठे फॉर्मूलेशन के साथ संतुलित पोषण में महत्वपूर्ण योगदानकर्ता के रूप में आगे आ रहा है। जिंक, प्रतिरक्षा समर्थन के लिए एक महत्वपूर्ण सूक्ष्म पोषक तत्व है, जिसे अब टाटा साल्ट इम्यूनो के माध्यम से दैनिक आहार में शामिल किया गया है, जो आवश्यक पोषक तत्वों के सेवन को बढ़ाने का एक आसान और प्रभावी तरीका प्रदान करता है।उत्पाद का दोहरा पोषक तत्व मिश्रण रोज़मर्रा के भोजन में आयोडीन और जिंक दोनों को शामिल करना आसान बनाता है, जिससे सुविधाजनक पोषण समाधानों की बढ़ती ज़रूरत पूरी होती है। टाटा साल्ट इम्यूनो राष्ट्रीय पोषण सप्ताह के सूचित आहार विकल्पों और संतुलित पोषण पर ध्यान केंद्रित करने के साथ पूरी तरह से मेल खाता है, जो समग्र स्वास्थ्य के लिए छोटे, विचारशील आहार समायोजन के महत्व पर जोर देता है।


प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4, ओपोजिट मॉरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

संपादकीय

## 'बहुत हो गया' के मायने

**राष्ट्रपति** द्रौपदी मुर्मू ने बेटियों और महिलाओं के खिलाफ अपराधों पर एक मार्मिक और अभूतपूर्व प्रतिक्रिया दी है। 'अभूतपूर्व' इसलिए है, क्योंकि देश के महामहिम अक्सर कोई सार्वजनिक बयान नहीं देते। राष्ट्रपति केंद्रीय कैबिनेट की सलाह पर ही काम करते हैं। संभवतः तीन पन्नों की यह प्रतिक्रिया सार्वजनिक करने से पूर्व राष्ट्रपति कार्यालय ने इसे प्रधानमंत्री दफ्तर भेजा हो और फिर कैबिनेट की संस्तुति के बाद यह पत्र देश के सामने आया हो ! राष्ट्रपति ने अपनी मनःस्थिति बयां करते हुए अपनी निराशा, हताशा और भय का इजहार भी किया है। कल्पना की जा सकती है कि महिलाओं के खिलाफ बर्बर, पाशविक अपराधों ने राष्ट्रपति को कितना झकझोर दिया होगा कि उन्हें कहना पड़ा-'बस, अब बहुत हो गया।' एक राष्ट्र के तौर पर यह शर्मनाक और कलंकित स्थिति है कि राष्ट्रपति को लिखना पड़ा-'किंडरगार्टन की बच्चियों के साथ भी दरिंदगी की जा रही है। आज देश गुस्से में है और मैं भी... ।' अब एक समाज के रूप में हम अपने आप से कुछ कठिन सवाल पूछें। राष्ट्रपति मुर्मू ने सवाल किया है कि 2012 में निर्भया कांड के बाद पूरा देश आंदोलित हो उठा था, लेकिन फिर लोगों ने यौन अपराधों को भुला दिया। क्या हमने यही सबक सीखा था? क्या हम 'सामूहिक स्मृतिलोप' के शिकार हैं? यह दुखद है और घिनौना भी है।' दरअसल राष्ट्रपति ने समाचार एजेंसी 'पीटीआई' के संपादकों से बातचीत की थी। बाद में उन्होंने तीन पन्नों का पत्र उन्हें लिखा। राष्ट्रपति ने उसमें उल्लेख किया है कि 'रक्षा बंधन' मनाने कुछ बच्चे 'राष्ट्रपति भवन' आए थे। उन्होंने 'निर्भया कांड' जैसी घटनाओं के मद्देनजर मुझसे सवाल पूछे। मैंने उन्हें 'मार्शल आर्ट्स' की ट्रेनिंग के बारे में बताया। हालांकि मैं जानती थी कि यह सुरक्षा की गारंटी नहीं है, लेकिन अब उन बच्चों के सवालों के जवाब समाज ही दे सकता है। किसी भी सभ्य समाज में बेटियों, महिलाओं के खिलाफ ऐसे जघन्य अपराध स्वीकार्य नहीं हैं, बर्दाश्त नहीं किए जा सकते। हमें ईमानदार, निष्पक्ष आत्म-निरीक्षण की जरूरत है। अब हम न केवल इतिहास का सामना करें, बल्कि अपनी आत्मा के भीतर भी झांकें और इन अपराधों के कारणों की जांच करें। कोलकाता में एक तरफ प्रदर्शन हो रहे थे, दूसरी तरफ अपराधी भी घूम रहे थे। महिलाओं को कमतर आंकना भी घृणित मानसिकता है। कोलकाता कांड ने राष्ट्रपति मुर्मू के मानस को झकझोरा होगा, लेकिन उन्होंने देश भर में बढ़ते बलात्कारों और हत्याओं के प्रति अपनी चिंता और सरोकार जताया है। बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और विपक्ष के अन्य राजनीतिक दलों को इस पत्र से चिढ़ना नहीं चाहिए अथवा 'राजनीतिक पत्र' नहीं आंकना चाहिए। हम अब एक परिपक्व गणतंत्र हैं, लिहाजा राष्ट्रपति के ऐसे सार्वजनिक कथन पर विचार करना चाहिए। चूंकि भारत के राष्ट्रपति ने पत्र लिख कर देश के हालात पर निराशा और पीड़ा जताई है, जाहिर है कि शेष विश्व भी यह पत्र पढ़ेगा और एकबारगी सोचेगा कि क्या भारत बलात्कारियों का देश है? भारत का अपमान होगा, उसकी छवि पर कालिख पुतेगी, क्योंकि राष्ट्रपति ने ही क्षोभ जताया है। हालात इस पराकाष्ठा तक पहुंच चुके हैं कि राष्ट्रपति को कहना पड़ा है-'बस, अब बहुत हो गया।' राष्ट्रपति के इस कथन की अलग-अलग व्याख्याएं की जा सकती हैं। इसे बंगाल में अनुच्छेद 356 के तहत राष्ट्रपति शासन लगाने की पृष्ठभूमि माना जा सकता है, लेकिन किसी भी राष्ट्रपति ने अनुच्छेद 356 चस्पां करने के संकेत तक भी सार्वजनिक नहीं किए हैं।

राष्ट्रपति केंद्रीय कैबिनेट की सलाह पर ही काम करते हैं। संभवतः तीन पन्नों की यह प्रतिक्रिया सार्वजनिक करने से पूर्व राष्ट्रपति कार्यालय ने इसे प्रधानमंत्री दफ्तर भेजा हो और फिर कैबिनेट की संस्तुति के बाद यह पत्र देश के सामने आया हो ! राष्ट्रपति ने अपनी मनःस्थिति बयां करते हुए अपनी निराशा, हताशा और भय का इजहार भी किया है। कल्पना की जा सकती है कि महिलाओं के खिलाफ बर्बर, पाशविक अपराधों ने राष्ट्रपति को कितना झकझोर दिया होगा कि उन्हें कहना पड़ा- 'बस, अब बहुत हो गया।' एक राष्ट्र के तौर पर यह शर्मनाक और कलंकित स्थिति है कि राष्ट्रपति को लिखना पड़ा- 'किंडरगार्टन की बच्चियों के साथ भी दरिंदगी की जा रही है। आज देश गुस्से में है और मैं भी... ।' अब एक समाज के रूप में हम अपने आप से कुछ कठिन सवाल पूछें। राष्ट्रपति मुर्मू ने सवाल किया है कि 2012 में निर्भया कांड के बाद पूरा देश आंदोलित हो उठा था, लेकिन फिर लोगों ने यौन अपराधों को भुला दिया। क्या हमने यही सबक सीखा था? क्या हम 'सामूहिक स्मृतिलोप' के शिकार हैं? यह दुखद है और घिनौना भी है।' दरअसल राष्ट्रपति ने समाचार एजेंसी 'पीटीआई' के संपादकों से बातचीत की थी। बाद में उन्होंने तीन पन्नों का पत्र उन्हें लिखा।

सरकार इसके लिए बाकायदा किसी पुलिस वाले की ड्यूटी को लगा नहीं सकती थी

## ममता का बंगाल और बेखौफ अपराधी

कुलदीप चंद अग्निहोत्री

सरकार का काम अपराधियों को दंड देना और नागरिकों के जान और माल की रक्षा करना है। लेकिन पश्चिम बंगाल में सरकार अपराधियों के जान-माल की सुरक्षा के लिए तत्पर और महिला डाक्टर की जघन्य हत्या को आत्महत्या कह कर कूड़ेदान में डाल देने की कोशिश कर रही है। इतना ही नहीं, जब हत्या का हल्ला पड़ने लगा तो बंगाल सरकार को सबसे पहली यह चिंता हुई कि किसी तरह से घटना के स्थान से बलात्कार और हत्या के सबूतों को खत्म कर दिया जाए।

**कोलकाता** के आरजी कर राजकीय अस्पताल में एक डाक्टर के साथ बलात्कार के बाद उसकी अमानुषिक ढंग से हत्या कर दी गई। ऐसा जघन्य कार्य किसी भी प्रदेश में हो सकता है और इससे पहले हुआ भी होगा। लेकिन अन्य स्थानों पर हुए इस प्रकार के जघन्य अपराध और कोलकाता में हुए इस जघन्य अपराध के बीच एक बहुत बड़ा अंतर है। वह अंतर यह है कि ममता बनर्जी की पश्चिम बंगाल सरकार हर हालत में अपराधियों के साथ और उनको किसी भी तरह बचाने का प्रयास कर रही है। सरकार का काम अपराधियों को दंड देना और नागरिकों के जान और माल की रक्षा करना है। लेकिन पश्चिम बंगाल में सरकार अपराधियों के जान-माल की सुरक्षा के लिए तत्पर और महिला डाक्टर की जघन्य हत्या को आत्महत्या कह कर कूड़ेदान में डाल देने की कोशिश कर रही है। इतना ही नहीं, जब हत्या का हल्ला पडने लगा तो बंगाल सरकार को सबसे पहली यह चिंता हुई कि किसी तरह से घटना के स्थान से बलात्कार और हत्या के सबूतों को खत्म कर दिया जाए। सरकार इसके लिए बाकायदा किसी पुलिस वाले की ड्यूटी को लगा नहीं सकती थी। इस काम के लिए आनन फानन में लगभग सात हजार लोगों की भीड़ एकत्रित की गई जिसने अस्पताल पर धावा बोल दिया। पुलिस मूकदर्शक बन कर तमाशा देखती रही।

नाटक को विश्वसनीय बनाने के लिए इक्का दुक्का पुलिस के सिपाहियों पर भी हमला कर दिया गया ताकि नाटक में यह भाव आए कि पुलिस उपद्रवियों की भीड़ को रोकती रही, लेकिन स्थिति उसके नियंत्रण से बाहर हो गई। इस तथाकथित नियंत्रण से बाहर हुई भीड़ ने उस सेमिनार हाल पर हमला कर दिया जहां उस अभागी डाक्टर की बलात्कार के बाद हत्या कर दी गई थी। मेडिकल संस्थान ने तो उससे भी ज्यादा फुर्ती दिखाई। उसने उस सेमिनार हाल के कुछ हिस्से को गिरवाकर, उस हाल का नवनिर्माण अभियान चला दिया। लेकिन अब तक संस्थान के डाक्टर अपनी एक सहयोगी डाक्टर की इस अमानवीय हत्या के खिलाफ सडकों पर निकल चुके थे। अब तक कालेज के निदेशक डा. संदीप घोष पर चारों ओर से शक की सूईयां घूमने लगी थीं। भ्रष्टाचार से लेकर अस्पताल में लावारिस लाशों की बिक्री तक के चर्चे मीडिया में आने शुरू हो गए। यह सबको



पहले से ही पता था कि घोष बाबू तृणमूल कांग्रेस में भी सक्रिय रहते ही हैं। लेकिन वही घोष बाबू अब तृणमूल कांग्रेस की सक्रियता के साथ साथ घटनास्थल सेमिनार हाल के कुछ हिस्से को तोडने के काम में भी सक्रिय हो रहे थे। तृणमूल और घोष बाबू दोनों समझ गए थे कि हालात जिस मोड़ पर पहुंच गए हैं, वहां उनका इस अस्पताल में रहना मुमकिन नहीं रहा। लेकिन ममता की ममता की दाद देनी होगी कि उन्होंने उसे तुरंत दूसरे मेडिकल कालेज का प्रिंसिपल बना दिया। एक रहस्य अभी तक नहीं सुलझ पाया कि आनन फानन में बलात्कार स्थल पर हजारों लोगों की भीड़ किसने और कैसे इकट्ठी की। इतना तो निश्चित है कि बलात्कार और हत्या का दोषी संजय राय अपने बलबूते इतने कम समय इतनी आक्रामक भीड़ इकट्ठी नहीं कर सकता था। यकीनन इस भीड़ को बुलाने वाला गैंग कोई और था। लेकिन यह गैंग अपराध के सभी सबूत खतरा लेकर भी क्यों मिटाना चाहता था? इस गैंग का संजय राय से क्या संबंध है? पुलिस ने किसके आदेश पर गैंग को बेखौफ होकर काम करने दिया?

यहां तक कि पुलिस पिटती रही लेकिन उसने प्रतिकार नहीं किया। पुलिस को यह आदेश प्रिंसिपल संदीप घोष तो नहीं दे सकता था। इतनी बड़ी उसकी औकात नहीं थी। लेकिन एक बात स्पष्ट है कि भीड़ इकट्ठी करने वाला गैंग और प्रिंसिपल घोष बाबू दोनों ही किन्हीं कारणों से अपराधी संजय राय को बचाने का प्रयास कर रहे थे। किन्हीं बड़े कारणों या स्वार्थों के कारण ही ऐसा सम्भव है। इसलिए प्रश्न उठता है कि ऐसे कौन लोग हैं जिनके स्वार्थ संजय राय को बचाने में हो सकते हैं? संजय राय की गतिविधियां इस मेडिकल कालेज तक ही सीमित थीं। इसलिए जाहिर है कि वे स्वार्थ अस्पताल के अंदर ही हो सकते हैं। इस मोड़ पर प्रिंसिपल संदीप घोष शक के घेरे में आता है। लेकिन यहीं मामला समाप्त नहीं होता। ममता बनर्जी संदीप घोष को बचाने की कोशिश करती दिखाई दे रही हैं। वे उसे विवादग्रस्त अस्पताल से पदमुक्त होने पर तुरंत दूसरे विख्यात अस्पताल में नियुक्त कर देती हैं। इतना ही नहीं, ममता बनर्जी बाकायदा सडक पर जुलूस निकालती हैं। यह जुलूस परोक्ष रूप से उनके खिलाफ था जो प्रिंसिपल को सजा देने और उसके घपलों और आचरण की जांच की मांग कर रहे थे। उनका कहना था कि महिला डाक्टर को जो बलात्कार और हत्या के रूप में सजा दी गई, उसके तार कहीं न कहीं अस्पताल के घोटालों से जुड़े हैं। यह प्रश्न सचमुच आश्चर्यचकित करता है कि बंगाल में जब भी कहीं महिलाओं से बलात्कार का मामला सामने आता है तो ममता बनर्जी की सरकार अपराधी के साथ खड़ी दिखाई देती है। संदेशखाली में भी ऐसा ही हुआ था और अब आरजी कर अस्पताल मामले में भी ऐसा ही हो रहा था। शायद यही कारण था कि कोलकाता उच्च न्यायालय और बाद में देश के उच्चतम न्यायालय ने पूरे घटनाक्रम का संज्ञान लेते हुए सबसे पहले जांच का सारा मामला ममता बनर्जी की पुलिस के हाथों से छीनकर सीबीआई को सौंप दिया।

केवल रिकार्ड के लिए, ममता बनर्जी ने सीबीआई को बंगाल में किसी आपराधिक मामले की जांच करने का अधिकार समाप्त कर रखा था। लेकिन उच्चतम न्यायालय ने इसके बावजूद यह मामला सीबीआई को जांच के लिए दिया। इतना ही नहीं, न्यायालय ने अस्पताल में सुरक्षा का जिम्मा भी बंगाल पुलिस के हाथ से लेकर केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल को सौंप दिया। छात्रों ने महिला डाक्टर की हत्या के विरोध में शांति मार्च निकाला तो पुलिस ने उनकी जिस हिसाब से पिटाई की, वह अपने आप में कुख्यात मिसाल बन गई है। छात्राओं तक को सडक पर घसीट कर डंडों से पीटा गया। अंततः ममता ने घोषणा कर दी कि यदि अस्पताल के इस मामले को लेकर कोई बंगाल में आग लगाएगा, तो हम भी पूरे पूर्वोत्तर में आग लगा देंगे। अपराध के अधिकांश सबूत मिटाने के बाद ममता विधानसभा में बिल लाएंगी कि अपराधियों को दस दिन के अंदर फांसी पर लटका दिया जाए।

दृष्टि कोण

## बेतुकी बयानबाजी का हक नहीं नेताओं को

**टीवी** पर एक कार्यक्रम आया करता है 'आपकी अदालत'। इस अदालत के 'वकील' से किसी ने पूछा था, 'अभिनेता अच्छे नेता होते हैं या नेता अच्छे अभिनेता', तो 'वकील साहब' को यह कहने में तनिक भी देरी नहीं लगी कि नेता अच्छे अभिनेता होते हैं! और इस उत्तर पर श्रोताओं ने खूब तालियां बजायी थीं– अर्थात श्रोता भी यह जानते-मानते थे कि हमारे नेता अच्छे अभिनेता हैं! नेता-अभिनेता वाला यह प्रसंग आज अचानक तब याद आ गया जब एक नयी-नयी नेता बनी अभिनेत्री को किसान-आंदोलन के संदर्भ में यह कहते सुना कि हमारे देश में भी बांग्लादेश जैसे हालात पैदा करने का षड्यंत्र रचा जा रहा था। उसी सांस में उस नेता-अभिनेता ने यह भी कह दिया कि साल भर से अधिक समय तक चलने वाले उस आंदोलन में 'लाशें लटकी हुई थीं और बलात्कार हो रहे थे।' यह सही है कि उस आंदोलन के दौरान अनेक किसानों की मृत्यु हुई थी, पर उसे 'लाशें लटकना' कहना क्या माने रखता है, यह बात शायद उस अभिनेता को समझ नहीं आयी थी, और फिर किसान आंदोलन के दौरान दुराचार की बात करने से कितना राजनीतिक नुकसान हो सकता है, यह भी उस अभिनेत्री की समझ से परे की बात थी। यह नेता-अभिनेता भाजपा की सांसद हैं, और भाजपा का शीर्ष नेतृत्व इस नुकसान को समझ रहा था। उसने तत्काल इस नए नेता को चुप रहने का आदेश दिया। स्पष्ट कह दिया गया कि यह नयी बनी नेता अपने मन की बात कह रही थी, और पार्टी की ओर से नीति-विषयक बयान देने का उसे कोई अधिकार नहीं है। निकट भविष्य में ही हरियाणा में होने वाले चुनाव को देखते हुए भाजपा की यह सफाई जरूरी थी। इस स्पष्टीकरण से नुकसान की कितनी भरपाई हुई है यह तो आने वाला कल ही बतायेगा, पर यह सारा प्रसंग इस बात का एक और उदाहरण है कि हमारा राजनीतिक नेतृत्व सुर्खियां बटोरने और राजनीतिक लाभ उठाने के लिए, कभी भी, कुछ भी कह सकता है! ऐसे अवसर पर बड़ी आसानी से राजनीतिक नेतृत्व यह कहकर अपना पल्ला झाड़ लेता है कि यह कथित नेता का निजी बयान है। सवाल उठता है, इस तरह की निजी राय रखने वाले व्यक्ति को राजनीतिक पार्टियां तरजीह ही क्यों देती हैं? किसी भी राजनीतिक दल का सदस्य होने का सबसे महत्वपूर्ण मतलब यह होता है कि व्यक्ति पार्टी की रीति-नीति में विश्वास रखता है। उसका आचरण इसी विश्वास के अनुरूप होना चाहिए। लेकिन, दुर्भाग्य से, हमारे देश में नीतियों के आधार पर राजनीतिक दलों का बनना और चलना अब कतई आवश्यक नहीं रहा! रीतियों-नीतियों को लेकर दावे जरूर किए जाते हैं, पर व्यवहार में ऐसा कुछ दिखाई नहीं देता। यदि ऐसा न होता तो नेताओं का आये दिन दल बदलना हमारी राजनीति का हिस्सा नहीं बनता। न किसी व्यक्ति को दल बदलते हुए कोई शर्म आती और न ही किसी दल को किसी ऐसे व्यक्ति को अपने साथ जोड़ने में कोई संकोच होता है जिसे वह कल तक भ्रष्ट, अपराधी और न जाने क्या-क्या कहकर दुत्कारा करता था। मतदाता किसी उम्मीदवार को वोट देते समय जिन दो बातों का मुख्य रूप से ख्याल रखता है, उनमें पहली व्यक्ति की वैयक्तिक ईमानदारी है और दूसरी उसके दल की रीति-नीति। दुर्भाग्य से, अब हमारी राजनीति में इन दोनों बातों का कोई महत्व नहीं रह गया है— महत्व सिर्फ राजनीतिक स्वार्थ साधने का है। सामान्य व्यवहार में भी सामान्य जन इस बात का ध्यान रखता है कि 'चार लोग क्या कहेंगे?' पर हमारे राजनेताओं को कुछ भी कहने-करने में संकोच नहीं होता। किसी ने भाजपा की उस नेत्री से यह नहीं पूछा कि उसने हत्याओं और बलात्कारों वाली बात किस आधार पर कही थी? और अब भी उसने अपनी उस आपराधिक गलतबयानी पर क्षमा क्यों नहीं मांगी? वस्तुतः जुमलेबाजी हमारी राजनीति का एक जरूरी हिस्सा बन गयी है। राजनेता और राजनीतिक दल इस जुमलेबाजी को अपना अचूक हथियार मानर चलते हैं। राजनीतिक स्वार्थ का साधना ही एकमात्र कसौटी है जिस पर वे अपने कहे-किये को नापते हैं! कौन भूल सकता है कि सत्तारूढ़ पार्टी के सर्वोच्च नेताओं में से एक ने बड़ी आसानी से प्रधानमंत्री की 15 लाख रुपये वाली बात को चुनावी जुमला कहकर पीछा छुड़ा लिया था। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के हत्यारे को महान घोषित करने वाले को कभी मन से न माफ कर पाने की बात भी हमारे प्रधानमंत्री ने ही कही थी— फिर उसी व्यक्ति को पार्टी का उम्मीदवार घोषित कर दिया गया! क्या यह नहीं पूछा जाना चाहिए कि क्या उस नेता को मन से माफ कर दिया गया है? कुछ भी कह कर भूल जाने का यह अधिकार राजनेताओं को किसने दिया है? और सवाल यह भी है कि क्या मतदाता को अपने नेता द्वारा कही गयी बात को याद नहीं रखना चाहिए।

कुछ अलग

## मुझे पुरस्कार मिल जाए तो...

**प्रतिकूल** परिस्थितियों के बावजूद यदि मुझे पुरस्कार मिल जाए तो मेरे लिए अत्यंत हर्ष की बात होगी। परंतु यह हर्ष नितांत मेरा होगा। काश ! इसमें मेरे समानधर्मा साहित्यकार और सगे-सम्बन्धी भी शामिल होते। वैसे साहित्य सेवा करते हुए मुझे तीस वर्ष का लम्बा समय बीत गया है, अतः कोई भी संस्था-अकादमी चाहे तो मुझे अपने पुरस्कार-सम्मान से नवाज सकती है। परंतु बात वही है कि मुझे पुरस्कार मिल जाए तो यह अनहोनी साहित्य जगत को पचाना मुश्किल हो जाएगा। बिना पुरस्कार प्राप्त किए ही जब मेरे समकालीन समानधर्मा साहित्यकार मुझसे दुःखी रहते हैं, तो यदि कोई लक्खी पुरस्कार मिल गया तो वह राशि उनके कष्टों के साथ-साथ मेरे व्यक्तिगत कष्टों में कई गुणा वृद्धि करने के लिए जिम्मेदार नहीं होगी? एक बार मुझे एक स्थानीय संस्था ने मात्र माला पहनाकर तालियां बजवाई थी, उसमें भी मेरी खासी आलोचना हुई थी। लोगों ने इसे प्रायोजित कार्यक्रम बताया था। साहित्यकारों के घरों में कई दिनों तक मातमी धुनें बजती रही थीं। दरअसल मैं ठहरा अपनी धुन का साहित्यकार। थोड़ा रिजर्व नेचर का होने से समानधर्मा मुझे अहंकारी और घमंडी मानने लगे हैं। उन्होंने मुझे व्यावसायिक लेखक होने का तोहफा दिया है, जबकि मैं देश की उन्हीं पत्र-पत्रिकाओं में लिखता रहा हूं, जिनमें वे लोग लिखते हैं। फर्क इतना-सा है कि वे लिखने में थोड़ा शिथिल हैं, जबकि मैं गतिमान हूं। मेरा यही गतिमान होना ही मुझे अलग-थलग छोड़ देने का मुख्य कारण है। कोई मुझसे मिलना नहीं चाहता, बोलना नहीं चाहता और यहां तक कि वे मुझे अपने गुटों में घुसने नहीं देते। इतनी डरावनी परिस्थितियों में यदि मुझे पुरस्कार मिल जाए तो असंख्य आपत्तियां और विपत्तियां उठ खड़ी हो सकती हैं। मुझे ही क्या, पुरस्कार देने वाली संस्था-अकादमी को भी नहीं बख्शा जाएगा। संस्था कार्यक्रम करेगी तो मेरे परिवारजनों के अलावा समारोहों में आएगा कौन? मुझे पता है वह समय मेरे लिए न सही, उस संस्था के लिए कितना अपमानपूर्ण होगा। साहित्य का पुरस्कार हो और उसमें साहित्यकार ही सम्मिलित न हों तो उस पुरस्कार की महत्ता क्या रह जाती है? कल्पना के घोड़े जब मेरे पुरस्कार लेने के मामले में दौड़ाता हूं तो अशुभ ज्यादा दिखाई देता है। मैं तो काली सूची में हूं ही, वह सम्मानीय संस्था भी इसी श्रेणी में घोषित की जा सकती है। इसीलिए ज्यादातर मुझे यही लगता रहता है कि मुझे साहित्य का पुरस्कार नहीं मिल सकता। इसीलिए मैंने पुरस्कार मिलने पर 'तो' लगाया है। वैसे लिखने-पढने और काम के आधार पर तो मुझे पुरस्कार न्यायोचित हो सकता है, लेकिन साहित्यगत में मेरी स्थिति सर्वथा भिन्न होने से पुरस्कार मिलना बहुत दुःखद घटना के रूप में भी लिया जा सकता है। जब मेरे लिखने-पढने से ही माहौल दूषित है तो पुरस्कार से मुझे नवाजा जाना मेरे अलावा किसे रास आएगा? एक बार मुझे पुरस्कृत करने की अफवाह मात्र उड़ी थी, उसी से उस संस्था के पास मेरे खिलाफ असंख्य आपत्तियां पहुंच गई थी। वास्तविकता का तो मुझे पता नहीं है, लेकिन इससे हुआ यह कि उस संस्था ने उस वर्ष से पुरस्कार देने की योजना ही आज तक स्थगित कर रखी है। अब संस्था दूसरे कार्यक्रम समारम्भ करने की योजना बना रही है, पुरस्कृत करने का घिनौना कार्यक्रम स्थायी रूप से बंद करने की सोच रही है।

देश दुनीया से

## आरक्षण खत्म करने की बात कौन करेगा?

सर्वोच्च न्यायालय की सात न्यायधीश की संविधान पीठ आरक्षण में क्रीमीलेयर लागू करने की बात की तो विपक्ष ने राजनैतिक लाभ उठाने के लिए इसका विरोध शुरू कर दिया। हांलाकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आश्वस्त कर चुके हैं कि आरक्षण में क्रीमीलेयर लागू नहीं होगा, इसके बावजूद आरक्षण समर्थक राजनैतिक दलों ने इसके विरूद्ध आंदोलनरत हैं। अभी वे भारत बंद का आह्वान कर ही चुके हैं। इससे पहले कर्नाटक में प्राइवेट नौकरी में स्थानीय के लिए शत प्रतिशत आरक्षण को लागू करने पर खड़ा हो गया। हांलाकि प्रदेश कैबिनेट में पास किया गया ये कानून विरोध को देखते हुए ठंडे बस्ते में डाल दिया गया है, पर खत्म नहीं किया गया।

**दलित** और पिछड़े युवाओं के उत्थान के लिए लाया गया आरक्षण अब सत्ता में पहुंचने माध्यम बनता जा रहा है। अलग-अलग राज्य में राजनैतिक दल जहां आरक्षण को अपने हिसाब से अदल-बदल रहे हैं, वही प्राइवेट सेक्टर में भी आरक्षण लागू करने की कोशिश हो रही है। कुछ राज्यों ने अपने यहां ये आरक्षण लागू किया पर वहां के हाईकोर्ट ने उसे अवैध बताते हुए रोक लगा दी, पर ये कोशिश जगह-जगह जारी है। सर्वोच्च न्यायालय की सात न्यायधीश की संविधान पीठ आरक्षण में क्रीमीलेयर लागू करने की बात की तो विपक्ष ने राजनैतिक लाभ उठाने के लिए इसका विरोध शुरू कर दिया। हांलाकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आश्वस्त कर चुके हैं कि आरक्षण में क्रीमीलेयर लागू नहीं होगा, इसके बावजूद आरक्षण समर्थक राजनैतिक दलों ने इसके विरूद्ध आंदोलनरत हैं। अभी वे भारत बंद का आह्वान कर ही चुके हैं। इससे पहले कर्नाटक में प्राइवेट नौकरी में स्थानीय के लिए शत प्रतिशत आरक्षण को लागू करने पर खड़ा हो गया। हांलाकि प्रदेश कैबिनेट में पास किया गया ये कानून विरोध को देखते हुए ठंडे बस्ते में डाल दिया गया है, पर खत्म नहीं किया गया। मुख्यमंत्री ने कहा है कि अगली कैबिनेट की बैठक में इस पर फिर विचार होगा। हाल के लोकसभा चुनाव के अंतिम चरण के आते-आते प्रचार आरक्षण पर आकर सिमट गया। भाजपा नेता अपने भाषणों में दावा कर रहे है कि हम देश में मुस्लिम आरक्षण लागू नही होने देंगे। खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपनी सभाओं में मुस्लिम आरक्षण पर चिंता जाहिर कर रहे हैं। वह कह रहे हैं कि सत्ता में आते ही इंडिया गठबंधन दलित और पिछडों का आरक्षण काटकर मुस्लिमों को दे देगा। वे देश का विभाजन करवा देंगे। इस पर कुछ बड़े नेता तो चुप्पी साधे है किंतु समाजवादी पार्टी के सांसद एसटी हसन ने एक बयान में कहा है कि इंडिया गठबधंन के सत्ता में आते ही संविधान में संशोधन कर मुस्लिमों को सरकारी सेवाओं में आरक्षण दिया जाएगा। देश को आजाद हुए 75 साल से ज्यादा हो गए। आजादी के बाद दलित समाज को विकास की धारा में शामिल करने के लिए दस साल के लिए आरक्षण की व्यवस्था की गई थी। आज ये आरक्षण राजनेताओं को सत्ता में पंहुचने का माध्यम नजर आने लगा है, वे इसे बढ़ाने की बात कर रहे हैं। खत्म करने की नहीं। किसी को यह सोचने की फुरसत नही कि आरक्षण की मार से बचने के लिए देश के प्रतिभाशाली युवा आज विदेशों में जाकर शिक्षा ले रहे है। शिक्षा पूरी कर वहीं नौकरी या व्यवसाय कर चुने गए देश के विकास में योगदान कर रहे हैं। भारत के बाहरर जाकर बसी भारत की मेधा से प्रभावित होते देश के विकास पर किसी को सोचने का समय नहीं। प्राइवेट सेक्टर की नौकरियों में आरक्षण को लेकर कर्नाटक सरकार ने यूटर्न ले लिया है। सरकार ने पहले सी और डी कैटेगरी की प्राइवेट नौकरियों में स्थानीय लोगों को आरक्षण देने की बात कही थी। फिलहाल, आरक्षण के उस फैसले पर रोक लगा दी गई है। कैबिनेट ने फैसला स्थगित कर दिया है। कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने प्राइवेट सेक्टर में कन्नड़ लोगों को 100 फीसदी आरक्षण देने को लेकर सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट की थी। अपनी इस पोस्ट में उन्होंने कहा, हम कन्नड़ समर्थक सरकार हैं। सरकार के इस फैसले का चौतरफा विरोध होने पर इस पर रोक लगा दी गई। सरकार का कहना है कि इस बिल पर वह पुनर्विचार करेगी। देश में यह पहला ऐसा मामला नहीं है। कर्नाटक से पहले प्राइवेट सेक्टर में स्थानीय लोगों को आरक्षण देने के लिए आंध्र प्रदेश और हरियाणा में कोशिश की गई थी. वहीं, मध्य प्रदेश में भी सरकार ने ऐसा ही कहा था, लेकिन यह कोशिश रंग नहीं ला पाई थी। 2019 में आंध्र प्रदेश में पहली बार ऐसा कोई कानून बना था जहां 75 प्रतिशत स्थानीय लोगों को प्राइवेट नौकरियों में आरक्षण देने की बात कही गई थी। पर हाईकोर्ट ने इसे असंवैधानिक बताते हुए रद्द कर दिया था। फिलहाल, ये मामला सुप्रीम कोर्ट में है। महाराष्ट्र में 2019 में शिवसेना-कांग्रेस और एनसीपी के गठबंधन की सरकार बनने के बाद प्राइवेट नौकरियों में स्थानीयों को 80 प्रतिशत नौकरियां देने का प्रस्ताव लाया गया था। सरकार सरकार इसे विधानसभा में भी लाना चाहती थी। लेकिन इसे लाया नहीं गया। कर्नाटक में कई बार प्राइवेट जॉब में कन्नड़ों के लिए आरक्षण तय करने की कोशिश हो चुकी है। सिद्धारमैया सरकार में ये तीसरी बार है जब ऐसी कोशिश हो रही है। इससे पहले 2014 और 2017 में भी सरकार कोशिश कर चुकी है। वहीं अक्टूबर 2020 में येदियुरप्पा की अगुवाई में बीजेपी सरकार ने प्राइवेट नौकरियों में ग्रुप सी और डी में 75 प्रतिशत आरक्षण स्थानीयों को देने का ऐलान किया था। हालांकि, ये लागू नहीं हो सका था।

आप का नजरीया

## खेल प्रतिभाएं

**लोगों** को खेलों के महत्व के बारे में जागरूक करने, खेल संस्कृति को बढ़ावा देने, खेलों को अपने जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाकर फिट एवं स्वस्थ रहने के लिए प्रोत्साहित करने के मकसद से 29 अगस्त को राष्ट्रीय खेल दिवस मनाया गया। वास्तव में हॉकी के जादूगर के रूप में विख्यात मेजर ध्यानचंद के जन्मदिन के अवसर पर यह दिन मनाने का सबसे प्रमुख उद्देश्य अनुशासन, दृढ़ता, खिलाड़ी भावना, टीम वर्क इत्यादि खेलों के मूल्यों के बारे में जागरूकता फैलाना है। इस वर्ष राष्ट्रीय खेल दिवस का महत्व इसलिए भी बहुत ज्यादा है क्योंकि इसी महीने कुछ भारतीय खिलाड़ी पेरिस ओलंपिक में भारत की विजय पताका फहराकर लौटे हैं। यह गर्व का विषय है कि भारतीय खिलाड़ी अब क्रिकेट हो या निशानेबाजी, बैडमिंटन हो या टेबल टेनिस, भारोत्तोलन हो या कुश्ती, हॉकी हो या भाला फैंक, तमाम खेल स्पर्धाओं में वैश्विक मंचों पर सफलता की इबारत लिख रहे हैं। पेरिस ओलंपिक में भले ही भारत के पदकों की संख्या इस बार पिछली बार से कम रही, लेकिन छह खिलाडियों ने पदक जीतकर और कुछ ने अपने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन कर देश को गौरवान्वित किया। मनु भाकर, सरबजोत सिंह, स्वप्निल कुसाले, नीरज चोपड़ा, अमन सहरावत तथा भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने तो ओलंपिक में पदक जीतकर देश में जश्न का माहौल बना दिया। ऐसे में राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर ओलंपिक विजेताओं के प्रदर्शन पर चर्चा करना जरूरी है। भारत को पेरिस ओलंपिक में सबसे पहली जीत दिलाई थी मनु भाकर ने, जिन्होंने ऐसा कमाल कर दिखाया था, जो 1904 के बाद से किसी भी ओलंपिक में कोई भी भारतीय खिलाड़ी नहीं कर पाया था। पहला कांस्य पदक जीतने के साथ ही वह ओलंपिक के इतिहास में भारत के लिए निशानेबाजी में पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला शूटर बन गई और उस पदक के साथ ही मनु ने शूटिंग में भारत के पदक के 12 वर्ष के सूखे को भी खत्म किया। ओलंपिक के 124 वर्ष के इतिहास में मनु से पहले भारत को शूटिंग में केवल 4 पदक ही नसीब हुए थे, जबकि भारत केवल पेरिस ओलंपिक में ही मनु के दो पदकों सहित कुल 3 पदक जीतने में सफल हुआ। निशानेबाज सरबजोत सिंह ने 30 जुलाई को मनु के साथ मिक्स्ड 10 मीटर एयर पिस्टल का कांस्य पदक जीता था। सरबजोत के लिए यह पदक इसलिए बेहद महत्वपूर्ण था क्योंकि वह अपने पहले ओलंपिक में भाग ले रहे थे। सरबजोत ने इससे पहले 2023 में भोपाल में आयोजित हुए आईएसएसएफ विश्वकप में 10 मीटर एयर पिस्टल में स्वर्ण पदक जीता था तथा दक्षिण कोरिया में आयोजित हुई 15वीं एशियाई शूटिंग चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीतकर ओलंपिक के लिए क्वालीफाई किया था। एक अगस्त को पेरिस ओलंपिक में 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन शूटिंग स्पर्धा में भारत के लिए तीसरा पदक जीता महाराष्ट्र के स्वप्निल कुसाले ने। ओलंपिक में भारत के राष्ट्रीय खेल हॉकी में मिली जीत के दृष्टिगत 8 अगस्त का दिन तो भारत के लिए ऐतिहासिक रहा, जब भारत हॉकी में लगातार दूसरे ओलंपिक में पदक जीतने में सफल हुआ।

# टंडवा के युवकों के अपहरण के उपरांत हत्या कर फेक देने के मामलें का पुलिस ने किया खुलासा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**टंडवा :** टंडवा अनुमंडल पुलिस कार्यालय में सोमवार को जिले के पुलिस कप्तान विकास पांडे के द्वारा प्रेस वार्ता आयोजित की गई। जिसमें बताया गया कि टंडवा थाना क्षेत्र के ग्राम रक्सी के दो लड़का आकाश कुमार एवं हेमराज साहू का विगत 29 अगस्त को स्विफ्ट गाड़ी के साथ कोडरमा जाने के क्रम में रास्ते से अपहरण कर लिया गया था। जिस संबंध में टंडवा थाना कांड संख्या 259 /24 के तहत मामला दर्ज कर अनुसंधान किया जा रहा था। परंतु तब तक हेमराज साहू की निर्मम हत्या कर कोडरमा घाटी के जंगलों में शव को फेंक दिया गया, तथा आकाश कुमार साहू, चाकू से गोदा हुआ पुरी तरह से जख्मी हालत में पाया गया था। टंडवा पुलिस के लिए यह कांड एक चुनौती साबित हो रहा था, क्योंकि मुकदमा अज्ञात के खिलाफ दर्ज कराया गया था। इसी घटना के अनुसंधान के क्रम में पुलिस अधीक्षक चतरा विकास पांडे के दिशानिर्देश में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी टंडवा, प्रभात रंजन बरवार के नेतृत्व में एक छापामारी दल का गठन किया गया। इस टीम के द्वारा घटना में संयुक्त अपराधियों की पहचान कर गिरफ्तारी हेतु गहन छापामारी की जा रही थी। बढ़ते पुलिस के दबाव के कारण, अपराधी झारखंड राज्य छोड़कर बिहार राज्य जाने के फिराक में लगे हुए थे। जिसकी भनक टंडवा पुलिस टीम को लग गई। इसके उपरांत पुलिस के द्वारा अपराधियों का सघन घेराबंदी करते हुए उनकी गिरफ्तारी की गई। इस घटना में संलिप्त कुल आठ लोगों को गिरफ्तार किया गया, जिसमे छः पुरुष एवं दो महिला अपराधी सामिल हैं। इन अपराधियों के पास से पुलिस को चार पिस्तौल, चार जिंदा गोली, छः मोबाइल सेट, एक चाकू एवं हत्या के समय अपराधियों के द्वारा पहने हुए अंग वस्त्र सहित घटना में उपयोग किए गए सफेद अर्टिगा गाड़ी जिसका नंबर जेएच 15 एम 0563 एवं अपहरण के समय लूटें गए स्विफ्ट गाड़ी जेएच 01इभी 6477 शामिल है। इस घटना को अंजाम देने में शामिल, राजा कुमार साहू पिता अर्जुन साहू, ग्राम दामूडीह थाना कटकम दाग जिला हजारीबाग, अमित कुमार उर्फ गोलू पिता जितेंद्र सिंह ग्राम ताजपुर थाना चौपारण जिला हजारीबाग, मोहम्मद काशिफ पिता मोहम्मद इशाक ग्राम दामोडीह थाना कटकम जिला हजारीबाग, नीरज कुमार सिंह पिता भोला सिंह ग्राम सिरसी थाना कटकम दाग जिला हजारीबाग, धनु पासवान उर्फ प्रवीण पासवान पिता अर्जुन राम ग्राम दीपूगढा थाना कोर्रा जिला हजारीबाग, दीपक शाह पिता सुखदेव शाव ग्राम धनगड्डा थाना टंडवा जिला चतरा, चाहत परवीन पिता मोहम्मद नौशाद आलम, धोबी गली मालवीय मार्ग सदर थाना हजारीबाग, एवं रुचि कुमारी उर्फ दिया साहू पिता राजदीप साहू ग्राम डेमोटाड थाना मुफस्सिल जिला हजारीबाग मुख्यतः आठों अपराधियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

# दो मोटरसाइकिल के भिड़ंत में चार घायल, चारो रेफर



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** थाना क्षेत्र के टंडवा रोड़ कुट्टी इब्राहिम मियां के घर के समीप दो मोटर साइकिल के टक्कर में चार घायल हो गया। चारों को स्थिति गंभीर देखते हुए हजारीबाग रेफर कर दिया गया है। घायलों में बिनोद सिंह सोहर, मकसूद गझू, देलहो कोयरी, दिनेश भुइयां अरुण भुइंया दोनो चलकी का रहने वाला है। जानकारी के अनुशार सोहर निवासी बिनोद सिंह डाडी स्कूल होते सिमरिया मोटरसाईकिल से आ रहे थे। और देलहो निवासी मकसूद गंझू, दिनेश भुइंया, अरुण भुइयां तीनों एक मोटरसाइकिल पर सवार होकर सिमरिया चौक से डाड़ी स्कूल के तरफ जा रहे थे। इसी बीच कुट्टी सेंबल पेड़ के करीब ट्रक खड़ी थी दोनो ट्रक के साइड से पास लेने का प्रयास किया जहां आपस में भिड़ंत हो गया ।हालाकि मोटरसाइकिल पर सवार तीनों का रफ्तार काफी थी जिससे चारों वहीं पर घायल होकर गिर गया। मौजूद ग्रामीणों ने आनन फानन में एक ऑटो में लेकर रेफरल अस्पताल लाया ।जहां मौजूद डॉक्टर अफान ने चारों को प्राथमिक उपचार किया। चारो को गंभीर हालत को देखते हुए हजारीबाग रेफर कर दिया।

## द्वारी पंचायत में संपन्न हुआ सरकार आपके द्वार कार्यक्रम



**गिद्धौर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड अंतर्गत द्वारी पंचायत भवन परिसर में सोमवार को आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला उपनिर्वाचन पदाधिकारी वेदवंती कुमारी, जिला परिषद सदस्य अनीता देवी, प्रमुख अनीता यादव, मुखिया जगदीश यादव समेत अन्य ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। सरकार आपके द्वार शिविर में कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, श्रम नियोजन, शिक्षा, जेएसएलपीएस, आंगनबाड़ी, सर्वजन पेंशन, स्वास्थ्य विभाग, समेत कई स्टॉल लगाए गए। स्टॉल में 1339 आवेदन प्राप्त हुआ। जिला उपनिर्वाचन पदाधिकारी ने विभिन्न स्टॉलों का घूम-घूम कर जायजा लिया। वहीं स्टॉल में प्राप्त आवेदनों को ऑन द स्पॉट निष्पादन करने का निर्देश दिया।शिविर में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से सरकार के महत्व कांची योजनाओं की जानकारी दी गई मौके पर समाजसेवी बालेश्वर प्रसाद यादव समेत कई ग्रामीण मौजूद थे।

## बरवाडीह बाजार में बिक रहा है चंपाइ सोरेन का झोला



**बरवाडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बड़ी दुर्भाग्य है कि जनता के पैसे से सरकार गरीबों को लाभ पहुंचाने के नाम पर बैनर, पर्चा, अन्य विज्ञापन को लेकर प्रचार प्रसार का योजना बनाकर करोड़ों रुपए का टेंडर जारी कर जनता के द्वारा टैक्स के पैसे का बंदरबांट किया जाता रहा है। इसी सिलसिले में जेएमएम के पूर्व मुख्यमंत्री चंपाइ सोरेन के कार्यकाल में खाद्य सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले विभाग द्वारा जन वितरण प्रणाली विक्रेताओं को झोले आवंटित किए गए थे जो कि राशन कार्डधारियों को वितरण करना था पर वह झोला बरवाडीह बाजार में बिकते देखा जा रहा है। अब सवाल उठता है कि झोला बाजार में कैसे बिक रहा है किस डीलर के द्वारा दुकानदार को बेचा गया है। वहीं सुत्र बता रहे हैं कि उक्त झोले के वितरण पर रोक लगा दी गई है। तो अब वह करोड़ों रुपए के झोलों का क्या होगा, जनता के पैसे की बर्बादी का सेहरा किसके सर थोपा जाएगा इसके कौन जिम्मेदार होंगे पुछता है झारखंड।

# 14 वीं पुण्यतिथि पर याद किए गए पूर्व मंत्री यमुना सिंह



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरवाडीह :** सोमवार को राजा मेदिनी राय इंटर कॉलेज परिसर में झारखंड के वन एवं पर्यावरण मंत्री यमुना सिंह की 14 वीं पुण्यतिथि स्थापित प्रतिमा स्थल पर मनाई गई। जहा कार्यक्रम में पूर्व मंत्री की पुत्री मंजू सिंह, जीप सदस्य सन्तोषी कुमारी , प्रखंड प्रमुख सुशीला देवी, पूर्व सांसद प्रतिनिधि कन्हाई प्रसाद, प्रिंसिपल अश्वनी मिश्रा मंडल महामंत्री मनोज प्रसाद पत्रकार दीपक राज अमर प्रसाद दिलीप यदुवंशी समेत अन्य मौजूद लोगों के द्वारा यमुना सिंह की प्रतिमा पर मलार्पण और पुष्पांजलि अर्पित करते हुए श्रद्धांजलि दी। मौके पर यमुना सिंह की पुत्री और भाजपा महिला मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य मंजू सिंह ने कहा कि हमारे पिता जी विकास पुरुष के नाम से प्रसिद्ध उनके द्वारा क्षेत्र के विकास की लकीरें आज भी दिखाई दे रहा है। उन्होंने सेवा भावना से काम करते हुए समाज में अपनी एक अलग पहचान स्थापित की थी। वहीं जिप सदस्य संतोषी कुमारी ने कहा कि यमुना सिंह का जीवन क्षेत्र के विकास और उन्नति के लिए समर्पित रहा था।

# सुदूरवर्ती क्षेत्र ग्राम पंचायत मेराल में विशेष शिविर का किया गया आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** झारखंड सरकार ने ये कहा है कि लोगों को कार्यालयों का चक्कर काटने की जरूरत नहीं है सरकार लोगों के द्वार तक जायेंगे और योजनाओं का आवेदन लेकर उन्हे लाभान्वित किया जायेगा। आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में प्राप्त आवेदनों का पात्रता अनुसार निष्पादन किया जाएगा। पूर्व में अबुआ आवास योजना में लेन देन की शिकायत पर संज्ञान लेते हुए जांचोउपरांत पंचायत सचिव के उपर प्राथमिकी दर्ज करते हुए निलंबित करने का कार्य किया गया है। आप सभी से अगर किन्ही के द्वारा योजनाओं के नाम पर पैसे की मांग की जाती है तो पैसा ना दे, बिचौलियो के चक्कर में न पड़े, इसकी शिकायत संबंधित अधिकारी से करें। कठोर कार्रवाई की जाएगी। योजनाओं के नाम पर ठगी करने वाले को माफ नहीं किया जाएगा अगर आपके शिकायत को संबंधित अधिकारी द्वारा नहीं सुना जाता है तो उनके उपर स्तर के पदाधिकारियों के पास शिकायत करें। मै जिला प्रशासन के तरफ से यह आश्वस्त करना चाहता हुँ कि प्राप्त शिकायत के आधार पर बिचौलियो को माफ नहीं किया जाएगा। इसके अलावे झारखण्ड मुख्यमंत्री मंईयां सम्माान योजना समेत कई योजनाओं के बारें में बिस्तृत जानकारी दी गई। आगे उन्होने कहा सभी पात्रता रखने वाले लाभुक अपने पंचायत में आयोजित शिविर में पहुंच जनकल्याणकारी विभागों द्वारा लगाएं गए स्टॉल पर जाकर योजनओं से संबंधित जानकारी ले और अपने पात्रता अनुसार आवेदन कर योजनाओं का लाभ उठाएं। उक्त बातें पत्थलगडा प्रखण्ड के ग्राम पंचायत मेराल में आयोजित विशेष शिविर में उपायुक्त श्री रमेश घोलप ने अपने संबोधन में कहा।आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत जिले भर के विभिन्न प्रखण्डों के पंचायतों में यथा प्रतापपुर के योगियारा, सिजुआ, लावालौंगे के कोलेकला, हंटरगंज के जोरीकला, सलैया, कान्हाचट्टी के कैंडीनगर, चतरा के ब्रहमणा, ईटखोरी के धनखेरी, सिमरिया के बन्हे, बानासाड़ी, टण्डवा के गाड़ीलौंग, टण्डवा, मयुरहंड के बेलखोरी, गिद्धौर के द्वारी पंचायतों में शिविर लगाकर आमजनों को जागरूक करने का कार्य किया गया । इसी निमित आपकी योजना आपकी स रकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत जिले के अंतिम पायदान पर व सुदूरवर्ती क्षेत्र में रहनेवाले लाभुकों को लाभान्वित करने हेतु माननीय मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के निर्देशानुसार पत्थलगडा प्रखण्ड मुख्यालय से 22 किलोमीटर दूर सुदूरवर्ती क्षेत्र ग्राम पंचायत मेराल में जिसकी आबादी जनसंख्या 6885, महिलाओं की संख्या 3391, पुरूष की संख्या-3494, कुल राजस्व ग्रामों की संख्या 10 है। बहेरा, चिटुआ, जेहरा, जोरी, खैरा, मेराल, मेरमगडा, रतरूआ, सायल, सिमरातरी है।

## जिले में जन शिकायत समाधान कार्यक्रम आज



**लातेहार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** महानिदेशक एवं पुलिस महानिरीक्षक, झारखंड, रॉची से प्राप्त निदेश के आलोक में पुलिस अधीक्षक लातेहार कुमार गौरव के द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया कि लातेहार जिला अंतर्गत अधिक से अधिक नागरिकों की शिकायतों का त्वरित एवं प्रभावी निवारण करने के उद्देश्य से तथा पुलिस एवं नागरिकों के बीच बेहतर समन्वय हेतु लातेहार जिले में 10 सितंबर 2024 को जन शिकायत समाधान कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है।लातेहार जिला अंतर्गत थाना वार होने वाले कार्यक्रम की विवरणी इस प्रकार है लातेहार,चंदवा थाना क्षेत्र में 10 सितंबर 2024 को लातेहार थाना परिसर में, बालूमाथ,हेरहंज एवं बारियातु थाना क्षेत्र में, बालूमाथ थाना परिसर में, बरवाडीह, मनिका एवं छिपादोहर थाना क्षेत्र में, महुआडाड़, नेतरहाट, गारू, बारेसाढ़ थाना क्षेत्र में, महुआडाड़ अनुमण्डल कार्यालय में जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन पूर्वाह्न 11 बजे से किया जाना है।

# बारियातु मे करम पर्व संध्या समारोह का आयोजन 11 सितंबर को



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बारियातु :** प्रखंड मुख्यालय स्थित नचना के पड़हा भवन परिसर मे 11 सितंबर को कर्मा पुर्व संध्या समारोह मनाने को लेकर तैयारी बैठक की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला पड़हा राजा प्रभु दयाल उरांव ने की। बैठक मे समारोह को सफल बनाने के लिए कई आवश्यक बिषय पर विचार विमर्श किया गया। समारोह के सफल संचालन व विधि व्यवस्था को लेकर कई महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया व कार्यक्रम की रुप रेखा तय किया गया। कार्यक्रम सुबह 08 बजे से प्रारंभ किया जाएगा। जिसमे पुजा, करम पुजा संबन्धित परिचर्चा, पारंपरिक सांस्कृतिक कार्यक्रम, अतिथियों का अभिभाषण, सामिल है। समारोह के आयोजक मंडली क्षेत्र के सभी प्रकृति पुजक बुद्धिजीवी, समाज के पदाधिकारी, व महिला पुरुष ग्रामीणों को भारी से भारी संख्या में सामिल होकर कर्मा पुर्व संध्या समारोह के सफल आयोजन मे अपनी भुमिका निभाने की अपील किया है। मौके पर पुर्व प्रखंड प्रमुख महावीर उरांव, बारियातु पुर्व मुखिया प्रमोद उरांव, पुर्व शिबला मुखिया धनेश्वर उरांव, डाढा मुखिया सुरेश उरांव, धर्म अगुआ तेतर उरांव, दिगम्बर टाना भगत, प्रधान उरांव, ब्रहमदेव उरांव, जगदिश उरांव सहित कई लोग मौजूद थे।

# समग्र शिक्षा अभियान के तहत दिव्यांग बच्चों हेतु जांच शिविर का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बारियातु :** प्रखंड मुख्यालय स्थित राजकीय आदर्श मध्य विद्यालय परिसर में समग्र शिक्षा अभियान के तहत दिव्यांग बच्चो का जांच व सहायक उपकरण वितरण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में एजीएमको भुनेश्वर से आए विशेषज्ञ दलो के द्वारा दिव्यांग बच्चों की जांच व सहायक उपकरण का वितरण किया गया। विशेषज्ञ दल में आडियोलोजिस्ट डॉ ज्ञानेनु कुमार सिंह, पी.एंड ओ.डॉ दिपक कुमार मंडल व डाटा मैन विजय कुमार सामिल थे। शिविर में कुल 58 बच्चो का रजिस्ट्रेशन किया गया। साथ ही 32 दिव्यांग बच्चों के बीच सहाङ्गक उपकरण वितरण किया गया। जिसमे पांच व्हील चेयर, पांच बैशाखी, चार कैलिपर, दो रोलेट, तीन ब्रेल स्टिक व 10 हियरिंग एड सामिल है। वहीं 20 दिव्यांग बच्चों का सहायक उपकरण के लिए चयनित किया गया। मौके पर बीआरसी से बीपीओ विरेन्द्र भगत, बीआरपी अनुपमा कुमारी, आर टी कालीचरण, विरेन्द्र कुमार सिंह, सीआरपी प्रकाश यादव, चयनित बच्चे, बच्चों के अभिभावक व शिक्षकगण उपस्थित थे।

# सिबला में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का किया गया आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बारियातू :** प्रखंड क्षेत्र के सिबला पंचायत सचिवालय परिसर मे आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रखंड प्रमुख उर्मिला देवी, बीडीओ सह सीओ नंद कुमार राम, बीससुत्री अध्यक्ष राजेन्द्र गंझु, मुखिया सुरेश उरांव समाजसेवी गौतम सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इसके पश्चात प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी नंद कुमार राम ने उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा की राज्य सरकार द्वारा गरीबों के लिए कई कल्याणकारी योजनाएं चला रही हैं। जिसका सीधा लाभ आप सभी को देने को उद्देश्य से आपके पंचायत में शिविर लगाया गया है। इस शिविर में झारखंड सरकार द्वारा संचालित सभी योजनाओं के स्टॉल लगाएं गये है। सभी विभाग के संबंधित अधिकारी अपने अपने स्टॉल में बैठें हैं। आप अपनी समस्या को लेकर संबंधित स्टॉल में आवेदन करें। संभवतः तुरंत निष्पादन किया जायेगा। सभी स्टॉल में लोगो ने अपने आवश्यकता के अनुसार आवेदन जमा किये। एसेजी का प्रणाम पत्र, जॉब कार्ड व कई छात्र छात्राओं को साईकिल भी वितरण किया गया। शिविर मे आन द स्पॉट कई काम किए गए।

## युवाओं ने थामा कांग्रेस का दामन



**महुआडांड़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** युवाओं ने भारतीय जनता पार्टी से क्षुब्ध होकर व राहुल गांधी की विचारधारा व मनिका विधायक रामचन्दर सिंह के चहुमुंखी विकास से प्रभावित होकर युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय समन्यवक अजीत तिवारी व जिलाध्यक्ष अमित बरुआ के नेतृत्व में कांग्रेस का दामन थाम लिया है। राष्ट्रीय समन्यवक अजीत तिवारी ने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव में युवाओं की भूमिका महत्वपूर्ण होगी व युवाओं से आवाहन किया कि राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को जन जन तक पहुँचाने का कार्य करें। कांग्रेस में शामिल होने वाले दुरूप पंचायत के आधे,दौना के आदिम जनजातिय के लोग थे। कार्यक्रम में प्रदेश सचिव विजय बहादुर युवा कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष अमीर सोहेल सहित कई अन्य कार्यकर्त्ता मौजूद रहे।

## अंबेडकर चौक का किया गया शुभारंभ



**महुआडांड़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पोस्ट ऑफिस रोड स्थित इस्तेखार अहमद के घर के पास अंबेडकर चौक में नये लगे बाबा भीमराव अंबेडकर के स्थापित प्रतिमा का फीता काटकर सासंद धीरज प्रसाद साहु ने शुभारम्भ किया। मौके पर विधायक रामचंद्र सिंह, प्रखंड प्रमुख कंचन कुजूर, इस्तेखार अहमद, किशोर तिर्की सहित कई अन्य लोग उपस्थित थे।

# सरकारी योजनाओं का लाभ लें ग्रामीण : संदीप उरांव



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** जिला सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के निर्देश पर स्थानीय स्वर संगम म्यूजिकल ग्रुप, लातेहार के द्वारा सदर प्रखंड के डीही पंचायत में आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का प्रचार प्रसार किया गया और योजनाओं की जानकारी दी गयी। बताते चले कि इस पंचायत में 10 सितंबर को आपकी योजना, आपकी सरकार व आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। मौके पर समाजसेवी संदीप उरांव ने ग्रामीणों से सरकारी योजनाओं का लाभ लेने की अपील ग्रामीणों से की। उन्होंने कहा कि इस शिविर में प्रखंड के अधिकारी भाग लेंगे, आप उनके समक्ष अपनी समस्या को रख सकते हैं। आपकी समस्या का समाधान शिविर में होगा।मौके पर स्वर संगम म्यूजिकल ग्रुप, लातेहार के कलाकारों ने नुक्कड़ नाटक एवं गीत संगीत के माध्यम से ग्रामीणों को सामाजिक कुरीतियों एवं अंधविश्वास से दूर रहने का अपील की। संस्था के कलाकारों ने ग्रामीणों को बताया कि मुख्यमंत्री मंइयां सम्मान योजना के तहत 18 से 50 साल की उम्र की महिलाओं को एक हजार रूपये प्रति माह सम्मान राशि दी जा रही है। सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के तहत छात्रों को छात्रवृत्ति दी जाती है। सरकार ने हड़िया एवं दारू बेचने वाले महिलाओं के लिए फूलों झानो आशीर्वाद योजना लाई है। उन्होंने मुख्य मंत्री पशुधन योजना, मुख्यमंत्री रोजगार योजना, मुख्यमंत्री हरित योजना आदि की जानकारी कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया और सरकारी योजनाओं की जानकारी ली। कार्यक्रम में बसंत, योगेश्वर राम, बसंती देवी, प्रतिमा कुमारी, जिया कुमारी, जितेंद्र पासवान आदि शामिल थे।

## महुआडांड के लोग खेल को लेकर रहते हैं उत्साहित : धीरज प्रसाद साहु



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**महुआडांड़ :** स्थानीय खेल स्टेडियम महुआडांड में शहीद स्मारक नॉकआउट फुटबाल टूर्नामेंट का शुक्रवार को रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम के बीच समाप्त हुआ। शहीद स्मारक नॉकआउट फुटबाल टूर्नामेंट का फाईनल मैच संत जोसेफ विद्यालय +2 विद्यालय महुआडांड बनाम मायापुर क्लब गारू के बीच खेला गया। जिसका उद्घाटन मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहु, विधायक रामचंद्र सिंह व संयुक्त रूप से झण्डोतोलन कर, फीता काटकर, खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर एवं फुटबॉल में किक मारकर शुभारंभ किया। खेले गए फाईनल मैच में विजेता संत जोसेफ +2 विद्यालय रही। इन्होने मायापुर क्लब की टीम को 1-0 से हराया। राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहु के द्वारा विजेता टीम को पुरूस्कार स्वरूप नगद 21000? वहीं उपविजेता टीम को 15000 नगद दिये। मौके पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहु ने कहा कि इस तरह के खेल प्रतियोगिता आयोजन करने से बच्चों के मन में प्रतियोगिता का भाव जागृत होती है, तो वहीं दूसरी ओर राष्ट्र के लिए भी कुछ करने की इच्छा शक्ति जागृत होती है। साहु ने कहा के यंहा के लोगों में काफी उत्साह देखने को मिला। मुझे इससे काफी खुशी मिली। लोकप्रिय विधायक रामचंद्र सिंह ने कहा कि महुआडांड प्रखण्ड के लोगों में खेल प्रतिभा छिपी हुई है। लेकिन पिछ्ले काफी समय से इस क्षेत्र में इस तरह की खेल प्रतियोगिता का आयोजन नही किया गया। इसे देखते हुए स्थानीय जन प्रतिनिधि एवं खेल प्रेमियों के सहयोग से शहीद स्मारक नॉकआउट फुटबाल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया है। जो कि सराहनीय पहल है। आपलोग इसका लाभ उठाये। आप इससे अपना कैरियर बनाने के साथ साथ राज्य एवं देश का मान सम्मान भी बढ़ा सकते हैं। मौके पर विशिष्ट अतिथि बीडीओ अमरेन डांग कांग्रेस के वरिष्ठ नेता इफ्तेखार अहमद, प्रखंड प्रमुख कंचन कुजूर, 20सूत्री सदस्य सह उपप्रमुख अभय मिंज, पंचायतीराज के प्रदेश के जोनल कॉडिनेटर अजीत पाल कुजूर, फादर दिलिप तिर्की, प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष रिडोल्फ खलखो, रामनरेश ठाकुर, युवा कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष अमीर सोहेल, वार्ड सदस्य अलिका एक्का, रानू खान, नुरूल अंसारी, शफरूल अंसारी, किशोर तिर्की, मुखिया रेणु तिग्गा, उषा खलखो, रोशनी कुजूर, सुषमा कुजूर, कमला किण्डो आदि मौजूद थे।

## गणेश चतुर्थी पूजा महोत्सव में भव्य भंडारे का किया गया आयोजन



**महुआडांड़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** आर्यन संघ शिव मंदिर के द्वारा विगत 8 वर्षो से लगातार गणेश पूजा मनाया जा रहा है। 5 दिनों तक भव्य पूजा अर्चना एवं भण्डारा का आयोजन किया जाता है। प्रसाद का विधि वत मुख्य पुजारी राजेश पाठक के द्वारा भोग लगाया गया। आज दोपहर 1 बजे भाजपा मंडल अध्यक्ष महुआडांड़ संजय जायसवाल के द्वारा भंडारा का फीता काटकर शुभारंभ किया गया जिसे मुख्य रूप से बलवंत सिंह,सुनील जायसवाल, बिहारी जायसवाल, शंकर दास, संजय राय, उत्तम कुमार, बिगन प्रसाद, विजय गुप्ता, विवेक गुप्ता सभी ने प्रसाद के रूप में खिचड़ी का ग्रहण किया। वही 101 किलो चावल का खिचड़ी का भोग लगा। जिसमे हजारों लोग प्रसाद ग्रहण किए वही पूरे कार्यक्रम को सफल बनाने में मुख्य रूप से प्रिंस कुमार, अभिषेक कुमार, पंकज दास बाबु, विकास कुमार (भोला), सत्यम कुमार, निकेश कुमार, सतीस कुमार, अमित पांडेय, करन कुमार, विवेक शर्मा, सूरज कुमार, अंशु कुमार, प्रियांशु बजरंगी सहित दर्जनों पूजा समिति के सदस्य मौजूद रहे।

### मंईयां सम्मान योजना से प्रभावित हो कर महिलाओं ने थामा झामुमो का दामन

# हेमंत सोरेन ने हर महिला को सशक्त बनाने के लिए चलाई मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना : मोजम्मिल अहमद



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** झारखंड मुक्ति मोर्चा के लोहरदगा स्थित जिला कार्यालय में सोमवार को जिला सचिव बरखा भगत की अध्यक्षता में महिला सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें कई महिलाओं ने झारखंड मुक्ति मोर्चा का दामन थामा। इस अवसर पर झामुमो जिलाध्यक्ष मोजम्मिल अहमद के अलावा पार्टी के कई नेता और कार्यकर्ता मौजूद थे। जहां सभी ने नए मेहमानों का स्वागत फूल माला पहनाकर किया। मौके पर जिलाध्यक्ष मोजम्मिल अहमद ने कहा कि झारखंड के लोकप्रिय मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने राज्य की हर महिला को सशक्त बनाने के लिए मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना लेकर आए हैं। लेकिन भाजपा के लोग इस योजना को पचा नहीं पा रहे हैं। इस योजना को बंद कराने के लिए हर हथकंडा अपना रहे हैं। मगर भाजपा की यह गलत मंशा कभी कामयाब नहीं होने दिया जाएगा। आपकी इंडिया गठबंधन की सरकार मां बहनों को सम्मान देने का काम करती रहेगी। इस अवसर जिला सचिव बरखा भगत ने कहा कि हेमंत सरकार द्वारा संचालित मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना का लाभ पूरे राज्य में लाखों महिलाओं को मिल रहा है। जहां महिलाएं अब आत्मनिर्भर हो रही हैं। इसी से प्रेरित होकर न सिर्फ लोहरदगा जिला में, बल्कि पूरे राज्य में महिलाएं झारखंड मुक्ति मोर्चा में शामिल हो रही हैं। जिसके तहत सैकड़ो महिलाएं हमारी झारखंड मुक्ति मोर्चा के विचारधारा से जुड़ने का काम की हैं। जहां हम सभी लोग रहे हैं। वही इस अवसर पर झारखंड मुक्ति मोर्चा में शामिल होने वाली महिलाओं ने कहा कि वर्तमान हेमंत सोरेन की सरकार में महिलाओं को सम्मान मिल रहा है, जो हम लोगों के लिए फक्र की बात है। ऐसी सरकार और पार्टी की विचारधारा से प्रेरित होकर हम लोगों ने पार्टी का दामन थामा है। और आने वाले दिनों में हजारों महिलाओं को पार्टी में शामिल करवाएंगे। मौके अनीता कुमारी, सुम्मती कुमारी, कल्पना देवी, मुन्नी देवी, पुष्प देवी,अनीता भगत, सुहाना भगत, अलीना भगत, सुषमा कुमारी, माही कुमारी समेत बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित थे।

### उपायुक्त ने थाना वार अवैध बालू उठाव व अवैध खनिज परिवहन को लेकर की समीक्षा बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** उपायुक्त डॉ. वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में आज खनन टास्क फोर्स की बैठक समाहरणालय सभागार में आयोजित हुई। बैठक में थाना वार अवैध बालू उठाव व अवैध खनिज परिवहन को लेकर की गई कार्रवाई की समीक्षा की गई। इसमें सभी अंचल अधिकारियों व थाना प्रभारियों को संयुक्त रूप से छापेमारी अभियान चलाये जाने, कार्रवाई का प्रतिवेदन खनन पदाधिकारी व उपायुक्त कार्यालय में समर्पित करने का निदेश दिया गया। उपायुक्त ने कहा कि 15 अक्टूबर तक एनजीटी के आदेशानुसार नदियों से बालू का खनन व उठाव बंद है। ऐसे में इस आदेश का पालन अक्षरशः अपने-अपने क्षेत्र में सभी पदाधिकारी व थाना प्रभारी कराएं। अवैध रूप से बॉक्साइट, आयरन, कोयला आदि का परिवहन करनेवालों पर भी कार्रवाई की जाए। सभी आदेशों का अनुपालन कराएं। आज की बैठक में पुलिस अधीक्षक हारिस बिन जमां, जिला परिवहन पदाधिकारी संजय कुमार, अपर समाहर्ता जीतेंद्र मुण्डा, अनुमण्डल पदाधिकारी अमित कुमार, सहायक खनन पदाधिकारी, सभी अंचल अधिकारी, सभी थाना प्रभारी समेत अन्य उपस्थित थे।

### अविराम कॉलेज के प्रशिक्षुओ ने पोषण सप्ताह पर चलाया गया जागरुकता अभियान



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** अविराम कॉलेज ऑफ एजुकेशन टिको कुरू लोहरदगा की राष्ट्रीय सेवा योजना पदाधिकारी कुंदन गिद्ध के नेतृत्व में एक से सात सितंबर तक चलने वाले पोषण सप्ताह के उपलक्ष्य में जागरूकता कार्यक्रम, रैली, जनसंपर्क अभियान टिको और आस पास के क्षेत्र के लोगों के मध्य चलाया गया। पोषण सप्ताह पोषक तत्वों से भरपूर खाद्य पदार्थों को अपनाकर बीमारी और रोगों से दूर रहने की मुहिम है झालो, जतरी, सुगिया आदि ग्रामीण महिलाओं से प्रशिक्षुओं द्वारा कुपोषण, पौष्टिक आहार आदि पर बातचीत की। प्राचार्य डॉ प्रतिमा त्रिपाठी ने बताया कि यह सप्ताह स्वास्थ्य एवम परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा चलाया जाता है,खाद्य सुरक्षा रिपोर्ट 2023 के अनुसार चौहत्तर प्रतिशत आबादी पोषण का खर्च उठाने में सक्षम नही है और उनतलीस प्रतिशत आबादी पोशाक तत्वों की कमी से जूझ रही है ऐसे में जागरुकता के द्वारा एक सकारात्मक परिवर्तन एन एस एस के द्वारा किया जा रहा है। इस अवसर पर जांगबहादुर, आफताब, पंकज, रेणुका, ममता, रामप्रकाश, अनिल, तबस्सुम, प्यारी, शिव, मनु, शशि, चिनीबास आदि उपस्थित थे।

### टाउन हॉल में जन शिकायत समाधान कार्यक्रम आज

**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** लोहरदगा पुलिस की ओर से शहरी क्षेत्र में राज्य स्तर पर जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन आज 10 सितंबर 2024 (मंगलवार) को टाउन हॉल, लोहरदगा में आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम में आम नागरिकों की समस्या / शिकायत का त्वरित निष्पादन किया जायेगा। इस कार्यक्रम के दौरान आम नागरिकों से प्राप्त लिखित एवं मौखिक शिकायत/समस्या पर लोहरदगा जिला के प्रखण्ड कार्यालय एवं थाना/ओ0 पी0/शाखा के पदाधिकारी से संपर्क स्थापित कर आम नागरिकों के शिकायत / समस्या का त्वरित निष्पादन किया जाएगा। इस कार्यक्रम में प्रखण्ड के प्रशासनिक एवं पुलिस पदाधिकारी भाग लेकर आम नागरिकों के समस्याओं का निष्पादन करेंगें। लोहरदगा जिला में किसी गांव-मोहल्ला अन्य जगह में कहीं किसी प्रकार की समस्या य शिकायत है तो कोई भी नागरिक इस शिविर में आकर अपनी समस्या या शिकायत का समाधान करा सकते हैं। शिविर का समय सुबह 11 बजे से है। नागरिक अपनी शिकायत मोबाइल नम्बर 9470546635 पर या ईमेल आईडी Janshikayat.ldg@jhpolice.gov.in पर भी साझा कर सकते हैं। उक्त जानकारी पुलिस अधीक्षक, लोहरदगा द्वारा दी गयी।

# खेल मैदान का विकास एवं खिलाड़ियों को उड़ान भरने का दिया जा रहा है अवसर : विधायक भूषण बाड़ा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** पालकोट उच्च विद्यालय मैदान के सुंदरीकरण कार्य का विधायक भूषण बाड़ा ने शिलान्यास किया। मैदान सुंदरीकरण कार्य का शिलान्यास विधायक के अलावे पालकोट राजा देवब्रत नाथ शाहदेव, जिप सदस्यु जोसिमा खाखा ने संयुक्त रुप से किया। मौके पर विधायक भूषण बाड़ा ने कहा कि खेल मैदान का तेजी के साथ विकास किया जा रहा है। खेल अलावे खिलाड़ियों की प्रतिभाओं को भी मंच दिया जा रहा है। विधायक ने कहा कि पालकोट प्रखंड में खेल प्रतिभा की कमी नहीं है। लेकिन खेल मैदान के आभाव में एवं मौका नहीं मिलने के कारण स्थानीय खिलाड़ियों की प्रतिभा निखर नहीं पाती थी। इसको ध्यान में रखते हुए गांव गांव में खेल मैदान का तेजी से विकास किया जा रहा है। इसके अलावे खिलाड़ियों को उड़ान भरने का भी अवसर दिया जा रहा है। खिलाड़ी मौका का फायदा उठाते हुए अपनी प्रतिभा निखारें। विधायक ने कहा कि झारखंड सरकार खिलाड़ियों को सीधी नौकरी भी दी जा रही है। कार्यक्रम में कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष विकास कुमार गुप्ता, प्रखंड अध्यक्ष अजीत लकड़ा, वरीय सह विधायक प्रतिनिधि बसंत कुमार गुप्ता, विधायक प्रतिनिधि केशवार सिंह, विधायक प्रतिनिधि शीतल एक्का,विधायक प्रतिनिधि सह मुखिया सुषमा केरकेट्टा, 20 सूत्री सदस्य सतनारायण केशरी, मुखिया जसिंता मिंज, मुखिया कांति केरकेट्टा, टेरेसा मिंज, युवा कांग्रेस अध्यीक्ष रोहित एक्काह, मंडल अध्यिक्ष निमरोध एक्काा, संजय नागरची, निर्मल तिर्की,कुलदीप बड़ा,नवीन हीरोज बड़ा, एससी मोर्चा जिला अध्यक्ष भुनेश्वर राम, प्रमिला कुजूर, उर्मिला केरकेट्टा, सोभेन तिग्गा, ज्योति लुगुन, ममता सोरेंग, मोनू गुप्ता, विशाल केशरी, राहुल केशरी, राजेश गुप्ता, शक्ति केशरी, मयांग, अजीत गुप्ता, मन्नू साहू, अभिनाश जायसवाल, गणेश पूजा के अध्यक्ष शिवाम सोनी, ऋतिक ठाकुर, उदित केशरी, हेमंत साहू आदि शामिल थे। **खेल के क्षेत्र में है आपार संभावना, लाभ लें खिलाड़ी : देवब्रत नाथ शाहदेव** शिलान्यास कार्यक्रम में उपस्थित पालकोट राजा देवब्रत नाथ शाहदेव ने कहा कि आज खेल रोजगार पाने का सबसे उत्तम जरीया बन गया है। उनहोंने कहा कि खेल के क्षेत्र में आपार संभावना है।

# हाथियों के चपेट में आने वाले पीड़ित ग्रामीणों से मिले मंत्री डॉ. रामेश्वर उरांव



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** सोमवार को कुडू प्रखंड के ग्राम टिकों एवं कुडू हमीद नगर में विगत कुछ दिन पूर्व जंगली हाथियों के द्वारा कुडू हमीद नगर निवासी सौकिन अंसारी उम्र 40वर्ष को हाथियों के द्वारा कुचलकर मार डाला इसके साथ ही काफी घरों को जंगली हांथियो के द्वारा नुकसान पंहुचाया गया।जिसकी सूचना पर माननीय मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव हाथियों के चपेट से पीड़ित ग्रामीणों से मिले एवं हाथियों द्वारा पहुंचाए गए नुकसान पर तत्काल आर्थिक सहयोग किया एवं पदाधिकारियों से बात कर मुआवजा उपलब्ध कराने की बात कही, एवं तत्काल भोजन उपलब्ध कराने की बात कही, इसके साथ ही पीड़ित परिवार के आवास निर्माण एवं अन्य समस्याओं के समाधान के लिए पदाधिकारी से बात करें करने की बात कही इसके साथ साथ उच्चस्तरीय पदाधिकारियों से बात कर हाथियों की ट्रेंकुलाइजेसन के लिए दो नई टीम उपलब्ध कराने की बात कही। मौके पर विधायक प्रतिनिधि निशीथ जायसवाल, इकबाल खान, सामुल अंसारी, विशाल डुंगडुंग, असलम अंसारी, कमरूल इस्लाम,तलहा अंसारी, सूरज मुंडा, हलीम अंसारी, सुशील उरांव, जतरु उरांव,अवधेश उरांव, संजय मुंडा, सनी मुंडा, सीताराम मुंडा, दिलेश मुंडा, परदेसिया उरांव, महेंद्र उरांव, काली उरांव, मंगरू उरांव, देवकी मुंडाईन, दिलू मुंडा आदि उपस्थित थे।

### प्रखंड कैरो के नरौली में आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**कैरो-लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड कैरो जिला लोहरदगा के अंतर्गत 09 सितंबर सोमवार को प्रखंड के नरौली पंचायत के नरौली ग्राम खेल मैदान में प्रखंड विकास पदाधिकारी कार्यालय कैरो के द्वारा आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मौके पर कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित प्रखंड 20 सुत्री अध्यक्ष अनीश अहमद खान, कैरो प्रखंड विकास पदाधिकारी सह प्रभारी अंचल आधिकारी सूश्री छ्न्दा भट्टाचार्य ने अबुआ आवास योजना, गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना, विरसा सिचाई कुप संबर्धन योजना, जाति, आय, आवासीय, दिब्याँगता प्रमाण पत्र, म्यूटेशन, लगान रसीद, तथा आनलाईन रिकार्ड मे सुधार करने से सम्वंधित मामले, आयुष्मान कार्ड,15 वीं वित योजना, जनजातिय कल्याण, सावित्री बाई फुलो किशोरी समृद्धि योजना, सोना सोबरन साड़ी धोती योजना, मुख्यमंत्री पशुधन योजना, आधार सेवा केंद्र, स्वास्थ्य योजना, नागरिक सहायता केंद्र, इत्यादि सरकार के द्वारा चलाई जा रही विभिन्न विकास योजनाओं का अध्यक्ष व बीडीओ ने आम जनो से कार्यक्रम के माध्यम से अधिक-से-अधिक लाभ उठाने की बात कही गई। मौके पर नरौली पंचायत समिति सद्स्य सुखमनी देवी, प्रखंड 20 सुत्री सद्स्य धनपत उरांव, मोजाहिर अंसारी, नसीम अंसारी के अलावा विभिन्न विभागो के कर्मी एवं पंचायत के जनता कार्यक्रम मे उपस्थित थे।

### अज्ञात चोरों ने बिजली तार काट कर किया चोरी

**सेन्हा-लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बिजली तार चोरी के मामले में बिजली विभाग द्वारा प्राप्त आवेदन के आलोक में अज्ञात चोरों के विरुद्ध सेन्हा थाना में प्राथमिकी दर्ज किया गया। विदित हो कि सेन्हा थाना क्षेत्र के झखरा जितिया टोली ग्राम में बिजली विभाग द्वारा लगाया गया एलटी केबल तार की चोरी अज्ञात चोरों द्वारा किए जाने की सूचना पर सहायक विद्युत अभियंता विद्युत आपूर्ति अवर प्रमंडल लोहरदगा के लिखित शिकायत पर जांचोपरांत अज्ञात चोरों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराया गया है। इस संदर्भ में थाना प्रभारी अजित कुमार ने बताया कि विभाग द्वारा प्राप्त बिजली चोरी मामला का आवेदन को संज्ञान में लेते हुए कांड संख्या 76/24 दर्ज कर पुलिस द्वारा कारवाई आरम्भ कर दिया गया है। साथ ही उन्होंने कहा कि 50 एम एम का दो सौ मीटर बिजली तार चोरी हुआ है जिसका मूल्य लगभग एक लाख पचास हजार बताया जा रहा है। बिजली तार चोरी से विभाग को आर्थिक क्षति होने की बात कही गई। फिलहाल चोरी मामला को लेकर पुलिस द्वारा जांच पड़ताल आरम्भ कर दी गई है।

### जिला परिषद अध्यक्ष की अध्यक्षता में हुई बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** रीना कुमारी अध्यक्ष जिला परिषद की अध्यक्षता में आज सोमवार को जिला परिषद की बैठक जिला परिषद कार्यालय, स्थित सभाकक्ष में आयोजित हुई। बैठक में दिनांक 9 जुलाई 2024 को हुई बैठक में दिये गये निदेशों के अनुपालन की समीक्षा की गई और आवश्यक निर्देश संबंधित पदाधिकारी को दिये गये। जिला परिषद सदस्य सेन्हा द्वारा सेन्हा प्रखंड के तोड़ार पंचायत में स्थित खराब जलमीनार के बारे में समस्या से अवगत कराया गया। साथ ही, हर घर जल योजना में आ रही परेशानियों के बारे में भी बताया गया। जिला परिषद सदस्य किस्को द्वारा देवदरिया पंचायत में कूप निर्माण में प्रयोग की जा रही खराब ईंटो की भी सूचना दी गयी जिसकी जांच किये जाने के लिए उप विकास आयुक्त द्वारा संबंधित पदाधिकारी को निदेश दिया गया। पाखर पंचायत में नवनिर्माण हुए सड़क का बह जाने पर ऐजेंसी के सुरक्षा राशि को रोकने एवं जांच करने का भी निर्देश उप विकास आयुक्त द्वारा दिया गया है। साथ ही जिले में जर्जर एवं खराब सड़क एवं बिजली के खंभों एवं तारों को जल्द से जल्द ठीक करने का भी निर्देश दिया गया। बैठक में सभी उपस्थित सदस्यों ने अपने-अपने क्षेत्र की समस्याओं से अवगत कराया।

### राज्य में आगामी चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनेगी : सचिन कुमार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** जिले में सोमवार को भारतीय जनता पार्टी द्वारा ढोड़ा टोली में बूथ अध्यक्ष बिंदिया देवी की अध्यक्षता में बैठक रखी गई। जिसमें भारतीय जनता पार्टी के नगर अध्यक्ष सचिन कुमार साहू उपस्थित हुए। जिसमें मुख्य रूप से आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए बैठक रखी गई। नगर अध्यक्ष सचिन कुमार साहू ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी कि आगामी चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनना तय है।और जिस तरह से हेमंत सरकार राज्य में करप्शन हत्याएं बलात्कार की घटनाएं घट रही है।जनता हेमंत सरकार को उखाड़ फेंकेगी और भारतीय जनता पार्टी की सरकार राज्य में स्थापित होगी। नगर महामंत्री सरस्वती देवी ने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की पूर्ण बहुमत की सरकार बनेगी इसी को लेकर नगर के विभिन्न क्षेत्रों में बैठक की जा रही है। बुथ अध्यक्ष बिंदिया देवी ने कहा कि जिस तरह से हेमंत सरकार लोगों का ठगने का काम कर रही है आने वाले समय में जनता उसे राज्य से उखाड़ फेंकेगी। मीणा बाखला जिला मंत्री ने कहा कि हेमंत सरकार के द्वारा जो वादा किया गया था वह वादा जनता को दिखाई नहीं दिया। इसलिए जनता को विश्वास भारतीय जनता पार्टी की जो सरकार बनेगी।वह अपने घोषणा पत्र पर खड़ी उतरेगी।और आगामी चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के सरकार बनेगी।

### मुर्की तोड़ार में आयोजित हुआ आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** प्रखंड क्षेत्र के मुर्की तोड़ार पंचायत के मुर्की ग्राम स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय के मैदान में आपकी योजना, आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का शुभारम्भ 20 सूत्री क्रियाव्यनन समिति प्रखंड अध्यक्ष अफरोज आलम, सदस्य अख्तर अंसारी, बीपीआरओ सुजीत उराँव के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम प्रारम्भ किया गया। कार्यक्रम स्थल पर सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं का प्रखंड स्तर से स्टॉल लगा कर योजनाओं की जानकारी दी गई। साथ ही मईया सम्मान योजना, अबुआ आवास योजना, बिरसा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, सावित्री बाई फुले योजना, फूलो झानो आशीर्वाद योजना, कृषि एवं पशुपालन विभाग, दाखिल खारिज, भूमी सत्यापन ऑनलाइन, पेयजल व बिजली विभाग सहित अन्य विभागों का लाभ देने के लिये ग्रामीणों से आवेदन लिया गया। वही बीपीआरओ सुजीत उराँव ने सरकार द्वारा संचालित विभिन्न विकास योजनाओं का विस्तारपूर्वक जानकारी देते हुए ग्रामीण जनता से योजनाओं का लाभ लेने के लिये अनुरोध किया गया। वही परिसम्पत्ति वितरण के क्रम में फूलों झानो आशीर्वाद योजना के तहत देवंती देवी, सोनामती कच्छप, सुमारी उराँव और ज्योति कच्छप को एक लाख का चेक व महिला मंडल की ओर से सामुदायिक निधि के तहत ज्योति महिला मंडल को पचास हजार का चेक प्रदान किया गया।

### जीवन का लक्ष्य खेल के माध्यम से भी प्राप्त कर सकते हैं : सुखदेव भगत

# झालजमीरा गांव में आयोजित चार दिवसीय सारु पाहन फुटबॉल टूर्नामेंट में वन मैन आर्मी हुआ चैंपियन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** सेन्हा प्रखंड के झालजमीरा गांव में नव युवक संघ जेएफसी के तत्वाधान में चार दिवसीय स्वर्गीय सारु उरांव फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया । टूर्नामेंट का फाइनल मैच वन मैन आर्मी बनाम फुटबॉल क्लब खूंटी के बीच खेला गया जिसमें पेनल्टी शूट में 4-3 से वन मैन आर्मी चैंपियन हुआ। इस टूर्नामेंट के समापन समारोह के मुख्य अतिथि लोहरदगा लोकसभा के माननीय सांसद श्री सुखदेव भगत तथा विशिष्ट अतिथि सेन्हा प्रखंड के पूर्व थाना प्रभारी जगरनाथ उरांव थे। कार्यक्रम स्थल पहुंचने पर आयोजन समिति के द्वारा द्वव का पारंपरिक ढंग से स्वागत किया गया। फाइनल मैच प्रारंभ होने से पूर्व मुख्य अतिथि,विशिष्ट अतिथि एवं अन्य तिथियां के द्वारा परिचय प्राप्त किया गया ।परितोषित वितरण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद सुखदेव भगत ने कहा कि खेल के माध्यम से भी हम जीवन के लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हैं। खेल आपसी भाईचारे को प्रगाढ़ करता है क्योंकि इसमें सभी वर्गो का सहभागिता होता है। इस क्षेत्र में काफी अच्छे-अच्छे फुटबॉल खिलाड़ी है लेकिन वह फीफा के नियम से नहीं खेलते हैं और खेल को सिर्फ मनोरंजन तक ही सीमित रखे हैं जिसके कारण वह आगे नहीं बढ़ पा रहे हैं इसलिए खिलाड़ियों को फीफा के नियम से खेलना चाहिए। खेल के माध्यम से आगे बढ़ाने के लिए हमें पूरी प्रतिबद्धता एवं अनुशासन में रखकर खेलना होगा।लोहरदगा जिले में सैकड़ो फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन होता है अच्छे-अच्छे खिलाड़ी सामने आ रहे हैं बस हम सबों को उन्हें प्रोत्साहन देने की आवश्यकता है। श्री भगत ने कहा कि झारखंड सरकार खेल नीति के माध्यम से खिलाड़ियों को प्रोत्साहन करने के लिए अनेक योजना लायी है जिसका लाभ खिलाड़ियों को उठाना चाहिए।श्री भगत ने सभी खिलाड़ियों को उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए आयोजन समिति का आभार प्रकट किया। सेन्हा प्रखंड के पूर्व थाना प्रभारी जगरनाथ उरांव ने कहा कि इस क्षेत्र में फुटबॉल टूर्नामेंट को लोग उत्सव के रूप में मनाते हैं। करियर के लिए खेल खेले। नशा पान से दूर रहे और पूरी तन्मयता के साथ खेलेंगे तो निश्चित रूप से अपने लक्ष्य की प्राप्ति होगी। पारितोषिक वितरण कार्यक्रम से पूर्व गांव के बच्चे बच्चियों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी प्रस्तुति किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रदेश प्रतिनिधि नेसार अहमद, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव जगदीप भगत, आलोक कुमार साहू, रवि रोशन बेक, फूलदेव उरांव, मोती चौबे, बंधन मुखिया, सलीम बड़े, वीरेंद्र यादव, एतवा उरांव, प्रदीप भगत, सारु उरांव, परमानंद उरांव, पारमल खेस, महलसाय उरांव, छोटेलाल उरांव, सुशील उरांव, निजावत अंसारी तिवारी भगत, चैतू उरांव, मुकीम अंसारी, हसीब अंसारी, सिकंदर उरांव, दिनेश खेस, सहित काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

# हेमंत सरकार विफल, जनता का रुझान भाजपा पर : बबन गुप्ता

### जिला अध्यक्ष क्षेत्र का दौरा करेंगे : बबन गुप्ता




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** भाजपा जिला कार्यालय में भारतीय जनता पार्टी के जिला संगठन प्रभारी बबन गुप्ता और जिलाध्यक्ष लक्ष्मण बड़ाईक ने प्रेस के माध्यम से विधानसभा चुनाव में जनता का भाजपा के प्रति रुझान और चुनावी तैयारियों के बारे में बताया। जिला संगठन प्रभारी बबन गुप्ता ने बताया कि इस बार विधानसभा चुनाव में दोनो विधानसभा भाजपा मजबूती के साथ लड़ेगी। सभी बूथों में कड़ी मेहनत से बूथ कमेटी को सुदृढ़ीकरण किया गया है। जनता का रुझान भाजपा पर है। क्षेत्र में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी का दौरा होगा। दोनो विधानसभा में भाजपा संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह के प्रवाह से संगठन और क्षेत्र में मजबूती मिलेगी। जिला के पदाधिकारी, प्रभारी पदाधिकारी का सभी बूथों पर दौरा चल रहा है। बूथ स्तर में चुनाव की मैराथन बैठक जारी है। उन्होंने आगे कहा कि हेमंत सोरेन के राज्य में जनता ठगा-ठगा महसूस कर रही है। जनता का रुझान बीजेपी में है। भाजपा की सरकार बनते हीं, महिलाओं को आर्थिक रूप से मजबूत और आत्मनिर्भर बनाने के लिए लखपति दीदी का लाभ क्षेत्र की महिलाओं को मिलेगा। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने देश का अंतरिम बजट में इसे शामिल किया है। दो करोड़ को बढ़ाकर तीन करोड़ लखपति दीदी बनाने की मंजूरी मिली है। 29 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम सुनने के लिए बूथ स्तर तक आयोजन किया गया है। **दोनो विधानसभा जनता भाजपा को जिताएगी : जिलाध्यक्ष** जिलाध्यक्ष लक्ष्मण बड़ाईक ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी सिमडेगा और कोलेबिरा विधानसभा चुनाव में जीत दर्ज करेगी। जनता की मंशा है कि सिमडेगा जिला में स्वक्ष विचारधारा की राजनीति पार्टी रहे, जो वोट बैंक के लिए नही बल्कि जनता और क्षेत्र के विकास में पारदर्शी रूप से सहभागी बने। दोनों विधानसभा में भाजपा को जीत दिलाने के लिए जनता उत्साहित है। सही मायने में देखेंगे तो हेमंत सोरेन, कांग्रेस और गठबंधन सरकार में पांच साल में तो कुछ नही किया, जब चुनाव का दिन नजदीक आने वाला है, तब राज्य सरकार की आंख खुला है। पांच साल के अंतराल में तो कुछ नही किए, चुनाव कैसे जीतेंगे। तब आनन-फानन में जनता को लुभाने और वोट बैंक के लिए चुनिंदा तरीके से वेकेंसी निकाली जा रही है, चाहे जनता की मौत हीं क्यूं ना हो जाए। उत्पाद सिपाही बहाली का नतीजा जनता खुद देख रही है। दूसरी ओर जनता को चुनाव के निमित मंईयां योजना लाकर वोट बैंक के लिए एक हजार देकर जनता को लोभाने का कार्य किया जा रहा है। वर्तमान में सिमडेगा और कोलेबिरा विधानसभा में कांग्रेस के विधायक है, क्षेत्र में कितना विकास हुआ है, ये जनता से छुपा हुआ नही है। जे एम एम, कांग्रेस के गठबंधन सरकार में कहीं भी कुछ काम नहीं हुआ है। सिर्फ और सिर्फ ठगी करने का काम किया गया है। भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनते हीं क्षेत्र और जनता के विकास की बयार बहेगी।

## चलते चलते एक नजर

### राष्ट्र के निर्माता हैं शिक्षक : अविनाश देव



**मेदिनीनगर (प्रभात मंत्र संवाददाता)**: प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन पाटन इकाई द्वारा शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिले भर से निजी विद्यालय के निदेशक एवं शिक्षक पहुंचे थे। बतौर विशिष्ट अतिथि संत मरियम विद्यालय के निदेशक अविनाश देव भी शामिल हुए। मुख्य अतिथि जिला शिक्षा पदाधिकारी और एसोसिएशन के सदस्यो के साथ दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत किया गया। सर्वपल्ली डॉक्टर राधाकृष्णन के तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया गया। एसोसिएशन के पाटन यूनिट अध्यक्ष ने।पुष्पगुच्छ, अंगवस्त्र देकर स्वागत किया। विद्यालय के बच्चे स्वागत गीत, नृत्य एवं पुष्प वर्षा से अभिनंदन किए। अपने संबोधन में अविनाश देव ने कहा कि बच्चों के वर्तमान और भूत उसके अंदर हिलोरें मारता है। शिक्षकों की यह जवाबदेही है कि उसे कैसे निखारे और विश्व पटल पर निकालें। हमारा देश गावों का देश है। जहां हर प्रकार की प्रतिभा है। यहां से ह्वेनसांग, फहियांन जैसे विदेशी मुल्क के विद्यार्थी शिक्षा ग्रहण कर अपने मुल्क को उन्नत बनाए और दुनिया में नाम रौशन किए। नालंदा एवं विक्रमशिला जैसे दुनिया के नामचीन शिक्षण संस्थान रहा है। आप सभी अपने विद्यालय को वह मुकाम तक पहुंचाएं। अंत में सभी शिक्षकों को अंगवस्त्र, प्रशस्ति पत्र, मोमेंटो देकर स्वागत किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि जिला शिक्षा पदाधिकारी,विशिष्ट अतिथि अविनाश वर्मा, आफताब आलम,नंदकिशोर भारती सहित एसोसिएशन के सभी पदाधिकारियों की गरिमामयी उपस्थिति रही।

### भरी अदालत में चीफ जस्टिस ने वकील को लगाई फटकार

**नई दिल्ली**: भारत के चीफ जस्टिस डी वाई चंद्रचूड़ ने सोमवार को एक वकील को फटकार लगाई। उन्होंने वकील से आवाज नीची करने को कहा। साथ ही यह भी पूछा कि वो जजों को संबोधित कर रहे हैं या अदालत के बाहर गैलरी में बैठे लोगों को। अदालत कोलकाता रेप-मर्डर मामले में सुनवाई कर रही थी। इस केस की सुनवाई करने वाली बेंच में चीफ जस्टिस के साथ जस्टिस मनोज मिश्रा और जस्टिस जे बी पारदीवाला भी शामिल हैं। सुप्रीम कोर्ट में बहस के दौरान, सीनियर वकील कपिल सिब्बल ने कहा कि उनके पास वीडियो और तस्वीरें हैं जो दिखाती हैं कि वकील राज्य द्वारा संचालित आरजी कार मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में 9 अगस्त की घटना के विरोध में हुए प्रदर्शन में पथराव कर रहे थे। यह वकील कौस्तव बागची हैं, जो भाजपा नेता भी हैं। उन्होंने इस साल की शुरुआत में कांग्रेस छोड़कर भाजपा का दामन थामा था।

### अमेरिका दौरे पर गए राहुल गांधी ने संघ और पीएम पर जमकर बोला हमला, कहा

# चुनाव नतीजे आते ही भाजपा और पीएम का डर कम हुआ

एजेंसी

**वाशिंगटन** : लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी इस समय अमेरिका के दौरे पर हैं। रविवार को उन्होंने टेक्सास विश्वविद्यालय में छात्रों के साथ बातचीत की। इस दौरान राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर जमकर निशाना साधा। लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी इस समय अमेरिका के दौरे पर हैं। रविवार को उन्होंने टेक्सास विश्वविद्यालय में छात्रों के साथ बातचीत की। इस दौरान राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर जमकर निशाना साधा।राहुल गांधी ने कहा,आरएसएस का मानना है कि भारत एक विचार है। वहीं हमारा मानना है कि भारत विचारों की बहुलता है। हमारा मानना है कि सभी को भाग लेने की अनुमति दी जानी चाहिए, सपने देखने की अनुमति दी जानी चाहिए और उनकी जाति, भाषा, धर्म, परंपरा या इतिहास की परवाह किए बिना उन्हें जगह दी जानी चाहिए। ये लड़ाई है और ये लड़ाई चुनाव में तब और स्पष्ट हो गई जब भारत के लाखों लोगों ने स्पष्ट रूप से समझ लिया कि भारत के प्रधानमंत्री भारत के संविधान पर हमला कर रहे हैं।भारत विचारों की बहुलता- नेता प्रतिपक्ष

राहुल गांधी ने कहा,आरएसएस का मानना है कि भारत एक विचार है। वहीं हमारा मानना है कि भारत विचारों की बहुलता है। हमारा मानना है कि सभी को भाग लेने की अनुमति दी जानी चाहिए, सपने देखने की अनुमति दी जानी चाहिए और उनकी जाति, भाषा, धर्म, परंपरा या इतिहास की परवाह किए बिना उन्हें जगह दी जानी चाहिए। ये लड़ाई है और ये लड़ाई चुनाव में तब और स्पष्ट हो गई जब भारत के लाखों लोगों ने स्पष्ट रूप से समझ लिया कि भारत के प्रधानमंत्री भारत के संविधान पर हमला कर रहे हैं। उन्होंने कहा,मैंने आपसे जो भी कहा है, वह सब संविधान में है।



आधुनिक भारत की नींव संविधान है। चुनाव में लोगों ने जो स्पष्ट रूप से समझा और मैंने देखा कि जब मैं संविधान का मुद्दा उठाता था, तो लोग समझते थे कि मैं क्या कह रहा था। वे कह रहे थे कि भाजपा हमारी परंपरा पर हमला कर रही है, हमारी भाषा पर हमला कर रही है, हमारे राज्यों पर हमला कर रही है, हमारे इतिहास पर हमला कर रही है।उन्होंने आगे कहा,सबसे महत्वपूर्ण बात, उन्होंने जो समझा वह यह था कि जो कोई भी भारत के संविधान पर हमला कर रहा है, वह हमारी धार्मिक परंपरा पर भी हमला कर रहा है।

इसलिए संसद में अपने पहले भाषण में मैंने अभयमुद्रा के बारे में बात की। यह निर्भयता का प्रतीक है और यह हर एक भारतीय धर्म में मौजूद है। जब मैं यह कह रहा था, तो भाजपा इसे बर्दाश्त नहीं कर सकी। वे नहीं समझते और हम उन्हें समझाने जा रहे हैं।नेता विपक्ष ने भाजपा पर हमला करते कहा,दूसरी बात यह हुई कि भाजपा का डर गायब हो गया। हमने देखा कि चुनाव परिणाम के तुरंत बाद, कुछ ही मिनटों में, भारत में कोई भी भाजपा या भारत के प्रधानमंत्री से नहीं डरता था।

## सांसद से की गढ़वा में कला अकादमी स्थापित करने की मांग



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गढ़वा** : गढ़वा के युवा चित्रकार पूरब शौर्य के नाम पर जिले में कला अकादमी की स्थापना करने की मांग लोगों ने सांसद विष्णुदयाल राम से की है। पूरब की बहन गुण शौर्य के नेतृत्व में रविवार को गढ़वा के युवाओं ने सांसद को मांगपत्र सौपा तथा इस पर अमल करने की मांग की। सांसद ने गढ़वा में कला अकादमी खोले जाने की आवश्यकता महसूस करते हुए इस मांग को पूरा कराने का आश्वासन दिया है। सांसद को मांगपत्र सौंपते हुए युवाओं ने कहा कि चित्रकार पूरब शौर्य उभरते हुए युवा कलाकार थे। इन्होंने अपने हाथों से लगभग पांच सौ लोगों का स्कैच व अन्य पेटिंग बनाया था। वह लोगों की तस्वीर बनाकर उपहार स्वरूप प्रदान करते थे। वह कला के प्रति समर्पित थे तथा विभिन्न संस्थानों द्वारा पुरस्कृत भी किया गया था। उनका सपना कला शिक्षक बनना, गढ़वा में कला अकादमी की स्थापना करना था। मौके पर सांसद विष्णु दयाल राम के अलावा भाजपा नेता अलखनाथ पांडेय, मुकेश निरंजन सिन्हा, जिलाध्यक्ष ठाकुर प्रसाद महतो, प्रमोद चौबे, चंदन जायसवाल, अलख दुबे, रौशन दुबे, प्रो. संजय केशरी, देव शौर्य, ममता केशरी आदि उपस्थित थे।

## आज से प्रतिज्ञा यात्रा पर निकलेंगे केएन त्रिपाठी

प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर** : पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी ने डालटनगंज परिसदन भवन में प्रेसवार्ता की। प्रेसवार्ता के दौरान पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी ने बताया कि 10 सितंबर से कॉग्रेस पार्टी के द्वारा प्रतिज्ञा यात्रा का शुभारंभ होगा और 1 अक्टूबर को प्रतिज्ञा यात्रा का समापन होगा। भाजपा के प्रतिनिधि के द्वारा उनके कार्यकाल में एक भी बड़े कार्य नही किये गए है जो भी बड़े कार्य हुए है वे हमारी सरकार के द्वारा कराई गई है सिर्फ भाजपा के वर्तमान प्रतिनिधि हमारी कार्यो को ही अपना कार्य बता कर जनता को गुमराह करने का काम किया है। विधानसभा चुनाव के बाद जब हमारी सरकार बनती है तो शिक्षा, स्वास्थ्य,सिंचाई की व्यवस्था को सुदृढ करने का काम करेंगे। शहर में खासमहल का मालिकाना हक और पूरे




पंचायत को फ्री बालू उपलब्ध कराने का काम करेंगे वही बेरोजगारी को दूर करने का काम करेंगे। प्रेसवार्ता के दौरान कांग्रेस के वरिष्ठ नेता भोला पाण्डेय,मिथलेश सिंह, मनोज सिंह,जीशान खान समेत कई कांग्रेस के कार्यकता मौजूद थे।

जन शिकायत समाधान कार्यक्रम
नागरिकों की शिकायतों के त्वरित एवं प्रभावी निवारण हेतु झारखण्ड पुलिस की पहल

कार्यक्रम के उद्देश्य
- नागरिकों के पुलिस से संबंधित शिकायतों को प्राप्त करना एवं उक्त शिकायतों का पंजीकरण किया जाना।
- शिकायतों पर पुलिस के द्वारा की गई कार्रवाई की सूचना शिकायतकर्ता को प्रेषित करना।
- निर्धारित समय सीमा के भीतर कार्रवाई नहीं होने की स्थिति में वरीय पदाधिकारियों के संज्ञान में विषय को प्रेषित किया जाना।
- कार्रवाई योग्य शिकायतों पर त्वरित एवं प्रभावी निवारण करना।
- जिन शिकायतों पर कार्रवाई संभव नहीं है, उनकी भी जानकारी शिकायतकर्ता को उपलब्ध करना।
- पुलिस द्वारा बनाये जा रहे सर्वोत्तम पद्धतियों को इन कार्यक्रमों के दौरान प्रदर्शित करना।
- नागरिकों की समस्या को समझते हुए पुलिस व्यवस्था में आवश्यक नीतिगत सुधार करना।



आज, 10 सितंबर के दिन नजदीकी जन शिकायत समाधान कार्यक्रम में जाकर अपनी समस्या का समाधान जरूर करवायें

PR-335211(IPRD)24-25
सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, झारखण्ड सरकार